3. **आग्रह नहीं पर आदर:** आमतौर पर कार्यालयों में पदधारी अधिकारियों को सम्मान देना आग्रह से किया जाता है, किन्तु घर परिवार में छोटे सदस्य अपने बड़ों का दिल से सम्मान करते हैं जिसके लिए उन्हें आग्रहपूर्वक मजबूर नहीं किया जाता.
4. **सूचना नहीं पर समझदारी:** प्रायः कारोबार में अधिकारीगण उनके कनिष्ठों को जैसी सूचना देते हैं, उसी अनुसार वह काम करते हैं किन्तु योग्य परिवार में सभी लोग बड़ों की समझ या समझदारी से घर के सभी काम आपस में मिलजुल कर बांट लेते हैं.
5. **भय नहीं पर भरोसा:** संगठन में सभी लोग आपस में वैचारिक आदान-प्रदान अगर भय के साथ करें तो प्रगति नहीं हो सकती परिवार में इस प्रकार के भय का अंश भी अगर न हो तो भी सभी सदस्य अपने-अपने विचार सभी के कल्याण हेतु भयमुक्त वातावरण में प्रस्तुत कर सकते हैं.
6. **शोषण नहीं पर पोषण:** प्रायः सत्ता में आसीन लोग अपने सत्ता का दुरुपयोग करके अन्य लोगों का शोषण करते रहते हैं, ऐसी हमारे समाज की दुखद कहानी है. पर परिवार में बड़े लोग छोटों का शोषण नहीं, पर पोषण अगर करते हैं तो परिवार में प्रेमभाव और पोषणयुक्त वातावरण का अनुभव अवश्य हो सकता है.
7. **संपर्क नहीं पर संबंध है:** आज भौतिक प्रगतिशील दुनिया में कामकाज हेतु हमें अपने गांव, शहर से दूर देश-विदेशों में भी जाकर बसना पड़ता है. आज विज्ञान की प्रगति से, जैसेः इंटरनेट, मोबाइल आदि से हमने दुनिया को मुट्ठी में किया है, फिर भी प्रत्यक्ष रूप से हम परिवार से दूर रहते हैं अर्थात् प्रत्यक्ष संपर्क न होने पर भी संबंध यानी रिश्ता हमारा कायम रहता है.

8. **अर्पण नहीं पर समर्पण:** आज भौतिकवाद की दुनिया में संबंध या रिश्तों का आधार आपस में भेंट वस्तुओं के आदान-प्रदान पर निर्भर होता है अर्थात दूसरे को कितनी बड़ी एवं कीमती वस्तु भेंट अर्पण करते हैं, उस पर हमारे रिश्ते कायम होते हैं, किन्तु परिवार एक ऐसी विधा है जहां भौतिक अर्पण नहीं किन्तु आंतरिक आत्मिक, भावनाओं का समर्पण महत्व रखता है.

उपरोक्त सभी या उनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव जहां पर हो वहां पर यथा योग्य उचित मायने में पारिवारिक भावना का निर्माण होता है. मानवीय जीवन सुखद एवं सफल बनाने हेतु हमारे वैक्तिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर हमारे मन के आत्मिक, आंतरिक, भावनात्मक मूल्यों का होना आवश्यक है. जैसेः ज्ञान, पवित्रता, प्रेम, शांति, सुख, आनंद एवं शक्ति इन सात गुणों को हमारे शास्त्रों में आत्मिक गुणों के रूप में उल्लेखित किया है.

उपरोक्त विचार के अनुसार परिवार के सभी लक्षणों से भरपूर ऐसे समुदाय में अर्थात परिवार में जीवन व्यतीत करना हमारा प्रयास हो. इसमें हमारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा परिवार भी कैसे अपवाद हो सकता है?

बैंक ऑफ़ बड़ौदा परिवार के सभी सदस्य इन लक्षणों को स्वयं में अनुशासित होकर अगर जीवन में उतारते हैं तो हमारी मातृसंस्था व्यापार, उद्योग जगत में अवश्य प्रगति के शिखर पर विराजमान हो सकती है.

❖❖❖

संजय वामनराव नाशिककर
व्यवसाय सहयोगी
क्षेत्रीय कार्यालय, बड़ौदा शहर क्षेत्र

अपने संस्कारों पर गर्व करें

– श्वेता सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय पत्रकारिता एवं समाचार प्रसारण के क्षेत्र में श्वेता सिंह लब्धप्रतिष्ठ नाम है. वर्तमान में सुश्री श्वेता सिंह 'आजतक' न्यूज़ चैनल में एक सुप्रसिद्ध एंकर एवं कार्यकारी संपादक हैं. इससे पहले भी उन्होंने कई समाचार-पत्र और न्यूज़ चैनलों में कार्य किया है. उनके द्वारा प्रस्तुत कई सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रमों और कवरेज के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं. हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सुश्री श्वेता सिंह को हमारे बैंक द्वारा वर्ष 2019 हेतु 'महाराजा सयाजीराव भाषा सम्मान' के लिए चुना गया. इस अवसर पर टीम बॉबमैत्री ने उनके व्यक्तिगत जीवन और पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभवों के संबंध में उनके साथ बातचीत की. इस बातचीत के प्रमुख अंश हम अपने पाठकों के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं – संपादक

कृपया अपने पारिवारिक और शैक्षणिक जीवन के बारे में बताएं?

मेरा जन्म प्रयाग में हुआ मैंने बिहार में अधिक समय बिताया है. परिवार में हम तीन बहनें और एक भाई हैं. मेरी परवरिश में मेरे दादा का बहुत बड़ा योगदान रहा. वे सेना में थे. उन्हें देखकर मेरी भी इच्छा थी कि वर्दी पहनूँ, सेना में जाऊं. पर यह सपना अधूरा रहा. आईपीएस में जाना चाहा, दिल्ली जाकर पढ़ना चाहती थी, पर परिवार में सदस्य अधिक थे और पारिवारिक आय कम. इस कारण ये संभव नहीं हुआ. कम उम्र थी तो आर्थिक तंगी की बात समझ से परे थी. घरवाले चाहते थे यूपीएससी की परीक्षा दूं, पर बगावती तेवर थे, सो मैंने पटना विश्वविद्यालय से जनसंचार में डिग्री लेना पसंद किया.

पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़ने के पीछे कौन से अभिप्रेरक तत्व रहे?

जैसा कि मैंने कहा, कुछ बगावत की भावना से पत्रकारिता को चुना. अंग्रेजी अखबारों से जुड़कर पत्रकारिता जगत में कॅरियर की शुरुआत की. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आना आकस्मिक था, कह सकते हैं. मैंने फीस का भार उठाने के लिए 16 वर्ष की आयु में ही काम शुरू कर दिया था. वह समय मीडिया में तेजी का समय था और हिन्दी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं को जानने वालों के लिए अवसर सुलभ थे. प्रारंभ में मुझे कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी जाती थी क्योंकि मैं दिखती भी बहुत छोटी थी. पर इसका फायदा यह हुआ कि मुझे स्क्रीन के पीछे के कार्यों का अनुभव मिला. लिखने के कार्य के कारण मुझे अध्ययन व शोध का मौका मिला जिसका फायदा मुझे आज भी मिल रहा है. लिखना मुझे बहुत ही पसंद है. मैं हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में लिख लेती हूं.

पत्रकारिता के क्षेत्र में इस शीर्ष मुकाम पर पहुंचने के लिए आपकी यात्रा आसान नहीं रही होगी. कृपया इस मुकाम तक पहुंचने की अपनी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण यात्रा के अनुभव हमसे साझा करें.

बिल्कुल, मेरी अब तक की यात्रा काफी रोमांचक रही. टीवी में मेरी शुरुआत सहारा चैनल से हुई. वहां मैं अंग्रेज़ी न्यूज़ बुलेटिन करती थी. प्रारंभ में तो संघर्ष हर क्षेत्र में रहता है. जब वहां से निकलना चाहा तो कई चैनलों ने अस्वीकार किया क्योंकि मैं अंग्रेज़ी ऐंकर थी. फिर ज़ी 'न्यूज़' में रिपोर्टर एंकर के रूप में काम किया. 2003 में 'आजतक' से जुड़ी. हालांकि, ऑनस्क्रीन की तुलना में मुझे लिखना आज भी ज्यादा पसंद है. जहां तक रोमांच का सवाल है तो मुझे हर काम में आज भी रोमांच का अनुभव होता है. ऑफिस के लिए निकलते समय मन उत्साह से भरा होना चाहिए कि आज तो यह करना है. मुझे लगता है कि ज़िंदगी में यह उत्साह एवं रोमांच कभी भी खत्म नहीं होना चाहिए. इस उत्साह के बिना ज़िंदगी में जीवंतता खत्म हो जाती है.

आप अमूमन टीवी पर खेल, राजनीति, मनोरंजन, संस्कृति सहित विविध विषयों पर कवरेज करती आई हैं. अलग-अलग विषयों पर पकड़ बना पाना कैसे संभव हो पाता है?

उसका कारण यह है कि मुझे इन सब में रूचि है. खेल मुझे पसंद है. मुझे सेना को कवर करना सबसे ज्यादा पसंद है. आज भी- विशेष रूप से त्यौहारों के दिनों में, मैं इस प्रकार कार्यक्रम बनाती हूं कि मैं सेना/अर्ध सेना बलों के साथ रह सकूं. उनके साथ रहना मुझे अच्छा लगता है. जैसा कि मैंने पहले कहा शोध एवं अध्ययन को मैं काफी महत्व देती हूं इसलिए प्रत्येक विषय पर मैं काम कर लेती हूं. इतना ही नहीं, मैं कैमरा भी काम कर सकती हूं. स्वीमिंग न आने के बावजूद अपने कार्यक्रम 'अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय' के लिए द्वारका में अंडर वाटर 'शूट' किया. मेरे पास आज भी करने को इतना कुछ है कि मैं क्या करुं या क्या न करुं' यह सोचना पड़े. और फिर आप एक ही चीज करते रहेंगे तो फिर सब नीरस होने लगता है. इसलिए हर बार कुछ नया करते रहना चाहिए.

एक ओर देश में शिक्षा और रोजगार में अंग्रेजी की लोकप्रियता बढ़ी है वहीं देश का एक बड़ा तबका हिन्दी भाषा में बोलना और सुनना पसंद करता है. भारत में भाषा संबंधी विरोधाभास को आप किस प्रकार देखती हैं?

हां, अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है पर हिन्दी के प्रति झुकाव भी बढ़ा है. उल्लेखनीय बात यह है कि अब शुद्ध हिन्दी भी लोग समझ-बोल रहे हैं. स्वीकार कर रहे हैं. कल जिसे क्लिष्ट भाषा कही जाती थी आज लोग उसे स्वीकार कर रहे हैं. मैं ही जैसे 'सबूत' नहीं 'प्रमाण' शब्द का प्रयोग करती हूं और यह स्वीकार्य है. अपने शो का नाम 'श्वेत पत्र' रख सकती हूं और यह स्वीकार्य है. आज राजनीतिज्ञ भी सहज रूप में हिन्दी बोल रहे हैं. नई पीढ़ी हिंदी व अंग्रेजी समान रुप से धड़ल्ले से बोलती है. आज यह अपनी जड़ों पर गर्व करने लगी है. उन्हें कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि वे किस बैक ग्राउंड से है, कौन सी भाषा या प्रांत से आते हैं. नि:संदेह सोशल मीडिया की भूमिका भी इसमें महत्वपूर्ण रही है. हिन्दी के लिए अब लोग झिझक या शर्मिंदगी महसूस नहीं कर रहे हैं. मेरी दृष्टि में यह भाषा संबंधी विरोधाभास नहीं, बल्कि समन्वय है, स्वीकार्यता है. मैं यहां अमिताभ बच्चन जी का उल्लेख जरूर करना चाहूंगी कि उन्होंने टीवी पर शुद्ध हिंदी का प्रयोग शुरू किया. मैंने अपने शो का नाम, 'अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय!' रखा. लोग स्वीकार रहे हैं, समझ रहे हैं व पसंद करते हैं.

यह स्पष्ट है कि अंग्रेजी अभिजात्य वर्ग की भाषा रही है और एक खास वर्ग अंग्रेजी की हिमायत करता आया है. ऐसे में देश में हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं के समाचार चैनलों की बढ़ती प्रसिद्धि के पीछे आप क्या कारण देखती हैं.

हिन्दी आज व्यापार की भाषा बनी है. तकनीकी दृष्टि से आज मीडिया में हिन्दी के लिए सभी चीजें उपलब्ध हैं. अंग्रेजी की टीआरपी की तुलना में हिन्दी की व्युअरशिप हजार गुना है. आज हिन्दी केवल अनुवाद की भाषा नहीं रही है. मौलिक लेखन भी बढ़ा है. डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी आगे बढ़ रही है. सबसे बड़ा परिवर्तन यह देखा जा सकता है कि आज हिन्दी या अन्य भारतीय भाषाओं के कारण हीन भावना या शर्मिंदगी की स्थिति नहीं रही. मेरी दृष्टि में हिन्दी का यह स्वर्णिम युग चल रहा है.

डिजीटलीकरण से देश की भाषाओं के विकास की यात्रा और उनके भविष्य को आप कैसे देखती हैं? देश में क्षेत्रीय भाषाओं के विकास की संभावनाएं और चुनौतियों के बारे में आप क्या कहना चाहेंगी?

डिजिटलीकरण से हिन्दी का महत्व बढ़ा है. यहां हिन्दी को ज्यादा पढ़ा जाता है. वास्तव में, अंग्रेजी प्रिंट मीडिया में मजबूत है पर डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के लिए विकास की अपार संभावनाएं उभर रही हैं. बैंकों ने भी तो अपने डिजिटल उत्पादों में हिंदी और अन्य भाषाओं का प्रयोग शुरु कर दिया है.

चूंकि आप युवा पत्रकारों की सिरमौर हैं, युवाओं को हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं के विकास में किस प्रकार योगदान देने चाहिए?

मेरा यह मानना है कि आज की युवा पीढ़ी का आत्मविश्वास बढ़ा है. जैसा कि मैंने पहले कहा, आज उन्हें इस बात से कोई संकोच नहीं है कि वे किस बैकग्राउंड से हैं या कौन सी भाषा बोलते हैं? मैं दो बातें आज की युवा पीढ़ी को कहना चाहती हूं कि अपने संस्कारों पर गर्व करें और गैर ज़रूरी मुद्दों को महत्व ना दें. संस्कार एवं आत्मसम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. कई बार यह तर्क किया जाता है कि इन चीजों से, संवेदनाओं से पेट नहीं भरता. पर मैं मानती हूं कि रोटी अगर मुंह पर फेंक कर दी जाती है तो ऐसे पेट भरने का क्या मतलब? रोटी सम्मान से मिले, यह ज़रूरी है.

भाषा के हिसाब से मुझे लगता है कि भारत की हर भाषा सुंदर है और हिंदी सबसे समावेशी. हिंदी दिवस मनाने का अर्थ ये बिलकुल नहीं कि बाकी भाषाओं का असम्मान है. बल्कि ये कि हम भाषाओं को एक सूत्र में पिरोने का उत्सव मना रहे हैं. भाषा विकास में सर्वोच्च योगदान ये होगा कि हिंदी के साथ एक नई स्थानीय भाषा सीखिए और हिंदी बोलने में कभी शर्मिंदगी महसूस मत कीजिए.

एक सक्रिय मीडिया कर्मी होने के नाते लगभग हर प्रमुख गतिविधियों को लेकर आप जागरूक रहती हैं. बैंक ऑफ़ बड़ौदा का नाम ज़ेहन में आने पर आपकी क्या परिकल्पना निर्मित होती है?

एक वह ब्रांड था जिसे मैं जानती थी, एक यह ब्रांड है जिसे मैंने यहां आ कर जाना. मैं यही मानती थी कि बैंकों का सीधा लेना-देना पैसों से है, यहां पर आने के बाद मुझे पता चला कि बैंक भी इंसानों से ही बनते हैं. मुझे यहां आकर दो-तीन बातों ने बहुत प्रभावित किया. भाषा को लेकर बैंक ऑफ़ बड़ौदा इतना सोचता है और इतने नवोन्मेषी कार्य करता है जो सचमुच सराहनीय है. यहां आज के समारोह में बैंक ने मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप से सम्मानित किया. यह मेधावी छात्र योजना वास्तव में बहुत अच्छी योजना है. साथ ही, यह सयाजीराव भाषा सम्मान. ये योजनाएं सचमुच अनूठी हैं और मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक बैंक द्वारा इतने महत्वपूर्ण एवं नवोन्मेषी कार्य किए जाते होंगे. वास्तव में ऐसे कार्य कार्पोरेट सोशल रिस्पोंन्सिबिलिटी से नहीं हो पाते, ऐसे कार्य इन्सान ही कर सकते हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा आपको वर्ष 2019 के लिए महाराजा सयाजीराव भाषा सम्मान प्रदान कर रहा है. यह पुरस्कार प्राप्त करते हुए आपको कैसा लग रहा है?

सच कहूं, तो बहुत ही अच्छा. यह धनराशि के साथ का मेरा पहला अवार्ड है और मुझे लगता है कि इसमें कुछ ऊपर वाले का संकेत है. वास्तव में, मेरे गांव के एक स्कूल के लिए स्कॉलरशिप देने का कार्य मेरे पिताजी ने शुरू किया था, किंतु बाद में आर्थिक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा. मुझे इस बारे में उसी दिन पता चला जिस दिन इस अवार्ड की सूचना मिली. प्राय: सोशल मीडिया पर हमारे बारे में, हमारी सैलेरी पैकेज के बारे में जो बातें परिचालित होती रहती हैं उनमें सच्चाई नहीं होती है (हंसते हुए). पर यह राशि मेरे लिए महत्वपूर्ण है और मैं इस राशि का उपयोग स्कॉलरशिप के लिए करूंगी. बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इसके लिए धन्यवाद.

❖❖❖

Heartiest Welcome

Shri Sanjiv Chadha, Managing Director & Chief Executive Officer

Shri Sanjiv Chadha joined our Bank as Managing Director & Chief Executive Officer on 20th January, 2020. He has over 32 years of experience in banking having started his career with SBI in 1987. Prior to joining Bank of Baroda, Shri Sanjiv Chadha was working as DMD, SBI and MD & CEO of SBI Capital Markets Ltd., the Merchant and Investment Banking arm of SBI.

He served in various geographical locations of SBI spread across different circles and abroad. Some of his previous assignments include Executive Secretary to the Chairman of the SBI Group. He has worked with SBI's Los Angeles Office and also as UK Regional Head. His areas of specialisation include Retail Banking, Corporate Finance, Investment Banking, Mergers & Acquisitions, Structured Finance and Private Equity.

Team Bobmaitri heartily welcomes our new MD & CEO, Shri Sanjiv Chadhaji.

AI and Robotics
in Learning and Development

In the fast pace of technology, Learning and Development has to adopt the latest approaches and methodologies to make the learner more engaging. Artificial intelligence provides insight based on the enormous amount of learner's data it has collected and analyzed, which will facilitate the creation of customized learning programs for learners.

Robots are an essential component of the banking industry whether you see them or not. They operate on smartphones to create a more efficient mobile banking experience. Robots are changing the modern Banking. Going towards cashless economy and AI adoption where transaction processing can be done through Face recognition. AI and Robotics are successful in Industry, Home, Medical and Banking. Banking Robots are started where the customer services are given by the robots. Even in the restaurants robots are taking food orders and serving to the customers. In banking SBI, HDFC, City Union Bank and Canara Bank is having AI based chatbot and robots to solve the customers general queries.

Japan has started Robots in Classrooms. English and Literature subjects are covered through Robots. Classrooms are having robots for interaction. Storytelling is the subject mainly covered by the Robots. AI also is being placed in classrooms where from attendance, Meditation, student behavior, student mood will be monitored online through brainy sense gadget. The device is having sensors which send newro data of Student to Teacher's Laptop, whole day activities are monitored and auto report is generated online and sent to parents to check day by day progress in students.

"Today learning is more about 'flow' and not "instruction," and helping bring learning to user through their digital experience. L&D focuses on "experience design," "design thinking," the development of "employee journey maps," and much more experimental, data-driven solutions.

"Robotics and other combinations will make the Learning more interesting as compared to present era".

We have entered the Age of Artificial Intelligence (AI). And, we know how AI is revolutionizing Health care, Auto, Finance and banking sector. Learning and development (L&D) is no exception to it. Not so long ago artificial intelligence was reserved to the realm of science fiction. AI grew exponentially in 2019 and is projected to be even bigger in 2020.

To know to make the best use of artificial intelligence in L&D we need to understand that it's a bit challenging. Most of us are not yet even consciously aware of the AI we're already using. From online shopping's search and

recommendation functions to voice-to-text in mobile usage, or AI-powered personal assistants like Alexa or Siri, our personal and work lives are already impacted by these new technologies.

Leading research and advisory company, Gartner, projects that AI bots will power 85 percent of customer service interactions by 2020 and will drive up to $33 trillion of annual economic growth.

Role of AI in L&D

Given the fast pace of technological and societal changes, L&D has to stay abreast of the latest approaches and methodologies as they develop their learning strategies. Gone are the days of one size fits all.

All such approaches are creating and testing innovative ideas to improve a product/service or solve existing problems. It provides people with a "generic" framework and it's applicable to all areas of expertise of your company and on the market. It draws upon logic, imagination, intuition, and systemic reasoning, to explore possibilities of what could be, and to create desired outcomes that benefit the end user.

One study found that 34 hours on Duolingo's app are equivalent to a full university semester of language education.

AI in L&D identifies what are the strengths of employee and the areas he needs to focus on through diagnostic testing and then developing personalized curricula based on each employee's specific needs.

According to Derek Li, founder of Chinese EdTech unicorn Squirrel AI, "In three hours we understand learners more than the three years spent by the best Faculties"

In future classrooms human faculties will play a relatively passive role. AI will take care of the actual delivery, and humans will only step in when there are problems.

The job of L&D is to understand what employee's jobs are, learn about the latest tools and techniques to drive learning and performance, and then apply them to work in a modern, relevant and cost-effective way.

One of the most important considerations in choosing an AI solution will be the level of analytics the solution can deliver.

AI will provide insights based on the enormous amount of data it has collected and analyzed which will facilitate the creation of customized learning programs--faster than before.

Access to these insights and data will allow us to develop a better understanding of learner behaviors and to predict needs by recommending and positioning content based on past behavior.

Adaptive learning that is personalized to the individual is a powerful way to engage today's workforce, but point to consider here is the challenge facing L&D to be able to make sense of the data and to leverage those insights to drive business value.

Point of concerns

With AI in all its applications, there will be many positives, negatives and unknowns as this is relatively a new technology. AI has the potential to reduce the time spent in program development. But it also raises a big question whether we are relinquishing vital aspects of our jobs to automation. The reality is that AI is an algorithm, not a magic wand and will not be able to fix everything. It will not address the basic requirement of improving the quality of content. Hence we have to be cautions, and must remember that technology should never replace human interaction.

So, it becomes increasingly clear that the developers of the AI and machine learning solutions must come from a diverse pool and that the data used to train the algorithms in the tools is free of bias. "Even though AI learns-and may be because it learns, it can never be considered 'set it and forget it' technology. To remain both accurate and relevant, it has to be continuously trained to account for changes in the market, your our company's needs and the data itself,"

Conclusion

The benefits of AI are many and the concerns are valid. In the final analysis, however, we will need to remember to deal with AI solutions in the same way we build learning and development programs Identify the problems we're trying to solve or topic on which we are training and then find the best technological solution to facilitate the end result.

❖❖❖

Riti Jani
Asst. General Manager
Baroda Apex Academy
Gandhinagar

Training System & Structure

Training Structure is a composite whole, or an internally organised content. But structure is not enough to make a system. A system consists of something more than structure: it is a structure with certain properties. When a structure is understood from the standpoint of its properties, it is understood as a system.

TRAINING SYSTEM:

The area of training of human resources and their development is an important issue for any organization, especially like banks, where the human resource is the main source of engine. More important when we talk about the quality of the skills and abilities of knowledge that commensurate with the nature of the work of the organization in which it operates and directly contributes to the development of the organization, a proper training of the human resource is required.

Any organization that do not care for a proper training system, or for a continuous improvement through training programs will sooner or later find themselves in trouble as a result of the many changes that occur in and around the organization. It is must for every organization to re-examine at regular intervals the knowledge and abilities of its human resources and ascertain whether it fits in the changing scenario. This is more true and specific in today's era where nationalized banks are facing stiff competition from private and foreign banks.

A training system adopts the use of certain specific teaching methods for conduct of a training. The choice of the teaching methods adopted or used depends largely on the training contents, skill & information being taught and the aptitude and skills of the trainee.

Training systems are categorized in various ways. For example, military training systems are generally categorized as live, virtual, or constructive, according to the nature of the trainees' interaction with training equipment and each other. A "live" training system is one in which real people operate real equipment in the field, whereas "virtual" training systems involve real people operating models of real equipment in virtual environments. "Constructive" systems involve simulations where real people initiate events that stimulate but event outcomes are determined by the overall simulation.

The training system in banking industry has been changed to create a smarter workforce and yield the best results. Training and development programmes help remove performance deficiencies in employees and also they are esteemed resource of the bank and success or failure of the bank operation rely on the performance of employees. Timely evaluation of the success of employees' training and development programmes are most important for the banks.

Any training and development system in a banking sector ought to have inputs which facilitate the participants to increase skills and acquire information that can help to attain an idea to glance into the future. All these elements viz. the participants, the trainers, the management/leadership, the facilities, the materials and the evaluation and follow up mechanism add up to create an effective Training system.

KEY ELEMENTS OF A TRAINING SYSTEM



BENEFITS OF TRAINING: A well thought, planned and need based training program can be beneficial in many ways:

Benefits to the organization

- Results into higher productivity and profitability
- Improves job-knowledge and job-skills at all levels of the organization
- Uplifts the confidence of the employees
- Leads to organizational development
- Helps in reduction of cost in various areas of business activity

Benefits for the Individuals

- Develops Managerial and effective analytical skills of the employees
- Helps in uplifting self-assurance, discipline and self-control of the employees
- Enables employees to cope up with stress, strain, worry, annoyance and disagreement

- Enhances level of job-satisfaction, self-satisfaction and acknowledgment from all quarters
- Helps an employee advance to his/her own goals
- Develops the wisdom and practice of self-learning

TRAINING EVALUATION:

Evaluation of a training program is a methodical procedure to establish the significance and value of the training process. An organization should not only aim at a good training system but should also develop a strong evaluation method to achieve the following objectives:

- To determine the degree of success in achieving the program objectives
- To prepare a cost benefit of the training program
- To find out the impact of various methodologies, cases and exercises used in the training program
- To create data base that can assist management in taking decisions

TRAINING SYSTEM AT BANK OF BARODA

On the same lines defined above, Bank of Baroda has developed an effective training system structure to achieve competencies, efficiencies and skillfulness among our employees so that they can perform effectively and ensure that organization achieves its objectives.

The training system at Bank of Baroda is named as "BARODA ACADEMY".

Baroda Academy is a Learning & Development Center and is an integral part of the organization fully committed to set high performance standards among its employees.

Some of the vital strategies of Baroda Academy are as under:

- Life Cycle approach training for all employees and for all roles
- Research Based Training Inputs obtained from operational and field staff
- Training through Case studies, Industry visits, etc
- Use of eLearning methods in the form of short Videos/ Tubes, Simulation, Gamification, etc
- Knowledge enrichment of the faculty by way of participation in External training programs conducted by eminent scholars
- Case Research in house as well as with help of collaborations with industries best academic institutions (Chair Professorship)

In view of dynamic progress taking place in this competitive business world, it is equally important to impart knowledge and improve skills of staff members on a continuous basis. At Baroda Academy trainings are conducted to develop competencies among the employees in various areas of banking such as Credit, Agricultural, Retail, Sales & Marketing, Third Party products, Wealth Management, Leadership & Communication, Frauds Investigation, Departmental Inquiry, Forensic Audit, Customer Service, KYC-AML guidelines, Compliance, Digital Banking, Finacle operations, Foreign Exchange. Specialized sector specific training- such as NBFC Sector, Food processing sector etc. is also undertaken.

As per Learning & Development policy adopted by our Bank, certain courses have to be undertaken and completed by the employees either in a class room or online depending upon his/her position and role in the organization. Our training system conducts such mandatory courses either in class or through e-learning method and provide opportunity to all eligible employees to get them certified in relevant areas. The certification courses help in building the required competency in an employee for a role and also to meet regulatory requirements.

TRAINING STRUCTURE:

An organizational structure defines the work flow and relationships between employees, supervisors and upper management. A well-defined training organizational structure will help the organization to reach their goals and accomplish their tasks. The employees and supervisors in a training system must understand the work flow and relationships built into the training organizational structure and use the training machinery and resources to produce the best results.

The structure of a training system can be built comprising different sections to cater to the training needs of the various functions of the organization such as accounting, manufacturing or sales. Likewise in case of banks their training structure can be built comprising of different sections to cater to the respective domain such as Credit, Forex, Operations, Agriculture, etc. There could also be a divisional structure of a training system catering to various geographic areas of the organizations.

The flow of developing an effective training structure essentially covers the following:

- Determine needs
- Create Standards
- Examine Learning styles
- Design Training Material
- Deliver & Reflect

TRAINING STRUCTURE OF BANK OF BARODA :

Post merger of erstwhile Vijaya Bank & Dena Bank with Bank of Baroda, the training system of our Bank was restructured. With the formation of 18 Zones post-merger there now exists a Zonal Academy for each zone plus 4 Baroda Satellite Learning Units (BSLUs)at Regional Levels all under the supervision of Apex Academy situated at Gandhinagar.

HEAD & CHIEF LEARNING OFFICER Baroda Apex Academy		
AGM- Baroda Gurukul	Learning Heads- 18 Zonal Academies	Learning Heads- 4 BSLUs

"Learning and Growth" are the basic building blocks of a training system. In essence, training system/ learning and development refers to the education solutions delivered to an organization's workforce.

If you're the same as you were last year, last week, or even yesterday, that's not growth. Compared to yesterday, you must take small steps today and every day in order to grow.

Bank of Baroda Academy aims to develop the human employees into a Competent, Happy, Healthy and Customer centric force.

❖❖❖

Ramesh Iyer
Asst. General Manager
Baroda Apex Academy
Gandhinagar

प्रशिक्षण : सेवा नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक

आज के तेजी से बदल रहे कॉर्पोरेट जगत में मानव संसाधन अत्यंत ही महत्वपूर्ण घटक है. किसी भी संस्थान के लिए इस महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील संसाधन के विवेकपूर्ण प्रयोग में प्रशिक्षण अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. किसी भी संस्थान के समग्र विकास तथा उसको तेजी से बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण एक अपरिहार्य भाग है. प्रशिक्षण कर्मचारियों को नए कौशल प्राप्त करने, तेज एवं बेहतर कार्यनिष्पादन करने, उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है. किन्तु इतना सबकुछ होते हुए भी अधिकांश संस्थानों की प्राथमिकता सूची में प्रशिक्षण और विकास सबसे बाद की प्राथमिकता में से एक है.

आज के इस तकनीकी युग में प्रशिक्षण की नई तथा आधुनिक तकनीक ने इस क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन कर इसे और अधिक प्रभावशाली बना दिया है. तकनीक के प्रभावी प्रयोग से कम लागत तथा कम समय में कार्यस्थल पर ही कर्मचारी की सुविधा के अनुसार प्रशिक्षण संभव हो गया है.

कर्मचारी के रोजगार जीवन चक्र (इम्प्लॉइमेंट लाइफ साईकल) को पाँच चरणों में बाटा जा सकता है.

1: भर्ती और चयन :

किसी भी संस्थान में भर्ती और चयन में मुख्यतः मानव संसाधन विभाग की भूमिका होती है. चयन स्तर तक प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है. हालांकि विभिन्न प्रकार के कोचिंग सेंटर चयन हेतु लोगों को तैयारी करवाते हैं, किन्तु इसको प्रशिक्षण नहीं कहा जा सकता.

2: नियुक्ति (ऑनबोर्डिंग) :

किसी भी संस्थान से जब नया कर्मचारी जुड़ता है तो एक तरह से उसके पेशेवर जीवन में नया जन्म होता है. इस अवस्था में उसको बहुत सारी उत्सुकता होती है जैसे वह यह काम कैसे सीखेगा, उससे गलती हो गई तो क्या होगा, ग्राहक से कैसे बात करनी है, इस संस्थान में मेरे कॅरियर के विकास की क्या संभावना है इत्यादि. इस अवस्था में प्रशिक्षण आवश्यकता अलग तथा महत्वपूर्ण होती है, यहां पर उसको उत्पाद (प्रॉडक्ट) के ज्ञान की अधिक आवश्यकता होती है. संस्थान की ऑनबोर्डिंग प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिए हमारा लक्ष्य कर्मचारी को अपने नए कार्य के लिए प्रशिक्षित करने और उन्हें अपने नए कार्य वातावरण में उन्मुख होने में मदद करने की होनी चाहिए. उन्हें आंतरिक प्रक्रियाओं को कैसे पूरा करना है, को सीखने की आवश्यकता होती है. ऑनबोर्डिंग प्रशिक्षण में हमें यह भी सुनिश्चित करना होता है कि कर्मचारी को अपने संस्थान के मूल्यों और उनके प्रबंधन की अपेक्षाओं की स्पष्ट समझ हो. बैंक ऑफ़ बड़ौदा में हर कर्मचारी इस ओनबोर्डिंग प्रशिक्षण की प्रक्रिया से गुजरता है ताकि वह बैंक की प्रक्रिया एवं मूल्य को समझ सके. उपरोक्त प्रशिक्षण में प्रतिभागी को बैंक के उत्पादों, विपणन, ग्राहक सेवा, बुनियादी मूल्य, कम्युनिकेशन इत्यादि के प्रति जागरूक किया जाता है.

3: विकास चरण :

धीरे– धीरे जब कर्मचारी संस्था में समय बिताता है तो उसको बैंक के सारे उत्पादों में विशेषज्ञता हासिल हो जाती है. अब उसकी प्रशिक्षण आवश्यकता बदल जाती है, यहाँ पर उसको कौशल विकास से संबन्धित प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है. इसके अलावा जब संस्थान आंतरिक प्रक्रिया एव सिस्टम परिवर्तन करता है, तब प्रशिक्षण की महत्ता बढ़ जाती है. इस परिवर्तित अवस्था में नवनियुक्त और पुराने कर्मचारी एक स्तर पर होते हैं, इन दोनों प्रकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण की समान रूप से आवश्यकता होती है. अलग अलग वर्ग के कर्मचारियों के लिए संस्था में अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जैसे सहायकों हेतु बड़ौदा मित्र, व्यवसाय सहायकों हेतु बड़ौदा स्टार, अधिकारीवर्ग के कर्मचारियों हेतु बैंक में रोल बेस्ड सर्टिफिकेट स्तर 1 से 3 (ऋण, ऑपरेशन, फॉरेक्स, कृषि, डिजिटल, एनपीए), बैंक की विशेष आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम, कोर बैंकिंग संबंधी कार्यक्रम, पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रम होते हैं.

4: लीडरशिप चरण :

जब कर्मचारी संस्थान में अधिक समय तक काम करता है तो उसका प्रोफ़ाइल बदल जाता है, तब उसकी प्रशिक्षण आवश्यकता बदल जाती है. अब उसको नेतृत्व (लीडरशिप) से संबन्धित प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, क्योंकि अब उसको अपनी टीम को नेतृत्व प्रदान कर उनसे बेहतरीन कार्य हेतु दिशा प्रदान करनी होती है. नेतृत्व (लीडरशिप) की प्रशिक्षण के द्वारा वह कर्मचारी अपनी टीम को अधिक बेहतर ढंग से नेतृत्व प्रदान कर अपने संस्थान तथा अपनी टीम के बहुआयामी विकास में योगदान दे सकता है. इस वर्ग के कर्मचारियों हेतु बैंक में रोल बेस्ड सर्टिफिकेट स्तर 4 से 5 के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इसके अलावा बैंक लीडरशिप के कार्यक्रम मुख्य प्रबन्धक एवं उनके ऊपर के स्तर के अधिकारियों हेतु आयोजित करता है. कई विशेष परिस्थितियों में बैंक द्वारा बाहरी संस्थाओं की मदद से उच्च प्रबंधन के लिए भी यह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. बैंक ने अपने कर्मचारियों को स्तरीय प्रशिक्षण देने हेतु हाल में डेलोइट तथा नोलस्केप के साथ गठजोड़ कर वी–लीड प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है. उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंक में भावी लीडरशिप को भविष्य में आने वाली नई चुनौतियों हेतु तैयार किया जा रहा है.

5: सेवानिवृत्ति :

जब कर्मचारी सेवानिवृत्ति की आयु पर पहुंचता है तब कर्मचारी की मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक अवस्था काफी भिन्न होती है. यहाँ उसको उत्पाद, कौशल, लीडरशिप संबन्धित प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है. यहाँ पर सेवानिवृत्ति के बाद परिवर्तित अवस्था के साथ आने वाली समस्याओं के लिए कर्मचारी को पहले से तैयार करना पड़ता है. हम उसकी आने वाली स्वास्थ्य संबन्धित समस्याओं के लिए उनको योग, ध्यान, संतुलित आहार–विहार का प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं. पारिवारिक जीवन के उतार–चढ़ाव को संभालने के लिए सेवानिवृत्ति फंड के उचित निवेश संबन्धित प्रशिक्षण उसको बहुत मदद करता है. इस वर्ग के कर्मचारियों हेतु बैंक सेवानिवृत्ति हेतु विशेष कार्यक्रम लाइफ बिगीन्स @ 60 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है. इस कार्यक्रम में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद जीवन में होने वाले बदलाव हेतु तैयार किया जाता है. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री में अनूठा है, जहां कर्मचारी को नए जीवन के लिए तैयार किया जाता है.

उपरोक्त मन्तव्य से हम समझ सकते हैं कि एक ही कर्मचारी की प्रशिक्षण आवश्यकता सेवानियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक कैसे बदलती रहती है. प्रशिक्षण का महत्व कर्मचारी के जीवन काल के हर चक्र में रहता है. प्रशिक्षण कार्यकर्मों के महत्व कर्मचारी हेतु निम्नलिखित हैं.

1. कर्मचारी के कार्य निष्पादन में सुधार
2. कर्मचारी के संस्थान से जुड़ाव में बढोतरी
3. कर्मचारी प्रतिधारण (retention) और व्यक्तिगत विकास
4. कर्मचारी के कौशल में सुधार
5. कर्मचारी का आंतरिक कौशल सुधार
6. कर्मचारी का व्यक्तिगत विकास

महान अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने कहा है कि किसी पेड़ को काटने के लिए मुझे छः घंटे दीजिये, में चार घंटे कुल्हाड़ी की धार तेज करने में लगाऊंगा. जीवन के किसी भी काल एव परिस्थिति में प्रशिक्षण के महत्व को कम करके नहीं आँका जा सकता. प्रशिक्षण की महत्ता इस तरह से समझ सकते हैं कि यह जीवन में चीजों को देखने के हजारों नए नजरिए प्रदान करता है.

❖❖❖

डॉ. मुकेश कुमार
मुख्य प्रबन्धक एव शिक्षण प्रमुख
बड़ौदा अकादमी, राजकोट

Running
That Extra Mile

It pains me when I look around and see many people struggling even to move, sit, stand or breathe. I run because it's a privilege to be able to run. Thanking God for this privilege, which has become my passion now. You can't understand the power of running unless you take a dip of running. Osho said in 1970, when you are running alone that is a part of meditation. It is one of the best nurture for mind, body and soul. It removes the negativity. I suggest you to experience it, to believe it. Running is the best form of meditation which makes me feel good and healthy. It makes me feel empowered and resilient. My soul becomes free. Running brings out the gold in you. It's a therapy for soul. It's a long journey, be positive, be patient and be persistent.

I prefer to run on trails. It gives me opportunity to inhale fresh cool air from trees and to calm my mind. Buzzing sound of insects feels like music to my ears. Run to explore and escape the ordinary. It breaks the monotony of gym routines. Run to burn extra calories, as I had party last night. Run to flush toxins in the body. I run because there is nothing better to do in life. I run to inspire new generation. It makes me happy and love to do whatever makes me happier. Staying happy is the basic thing to do in today's' busy life schedule. Some time I run to vent. Running awards you bragging rights; you easily become centre of attraction in any gathering or talk of the town.

I am 52 and I started my running at the age of 46. During my posting at Mumbai, due to hectic lifestyle of metro city, I got affected by some viruses. It tolled me a lot physically. I was on medication for 8 months, gained weight upto 78kgs. I was thinking whether I have to survive on medicines for rest of my life. I got good company of runner friends who motivated me to plunge into running. Now, it is my way of life.

I am a regular morning walker and do running on alternate days. But on weekends prefer long runs, may be 20 to 30 km. Being posted in Kenya, I have seen half of the Nairobi by running. Though I ran a lot of full marathon and ultra marathons in India, this year did hat-trick of running Full Marathon at Standard Chartered Nairobi Marathon. My maximum distance is 80 Km approx in 12 hours. Staying fit is my target at this age. Whenever I am travelling to another city for personal or official purpose, I try to find out time to run there too to have a glance of city.

No doubt, Kenya is land of champions. Kenyan runners always lead the pack all over the world. Our runners' are not only creating world records but also history in human evolution. Recently Eluid Kipchoge created a history by running Full Marathon (42.2Km) under 2 hours. Brigid Kosgei broke 16 years old world record title for women in Full Marathon. Even recently, Geoffrey Kamworor set world record in Half Marathon. So many other Kenyans rules in athletics and setting new standards always. It has influenced my performance. I am not a fast runner but it improved my timings.

Initially one can apply walk- run method. Run from pole to pole and walk from next pole to another and then run and so on... Start slow, listen to your heart. If your heart beats fast, reduce the pace. Initially build your stamina for short distance runs. Gradually, you can increase your endurance and distance. Keep hydrating while running to avoid cramp. Ensure to do pre-run warm-up and post-run stretching. There are a lot of Mobile Apps and watches to track your performance. Remember, Eluid Kipchoge said, no human is limited.

Running in a group or with another runner has more benefits. Try to have a company of another runner. You can learn fast from the experience of others. Runners motivate each other. It forms new relationship with other runners, feel better. You can push your spouse or sibling or friend for a run, it will be full of fun and joy.

Runners should focus on injury free running. If initially you got injured due to heavy workout, you may lose interest. You have to be committed initially at least for one week, later on, you will follow the discipline. Running is a great cardio exercise to get your body in shape. A 30 minutes run can burn atleast 300 calories. It helps you in maintain the weight.

If you wish to participate in long distance events set target, test yourself on different terrains. For long distance runner, it is 90% mental and 10% physical. It tests your grit and determination. Lead a disciplined life for runners. Thinking will not overcome fear but actions will. You just need courage to stand at the start line. Give your best and enjoy the finish line not the finish time. There is a saying "preparing to run a new distance is a mental journey but it's a journey worth taking". Break barrier and boundaries to bloom.

Try to run on different trails, roads, elevations etc. it uses different muscles. Running on trail like Borivali National Park in Mumbai, Cubbon Park at Bengaluru etc. where paths are lined up with variety of trees, build up less used muscles, it improves balance and stability. It is supplement to running. Try to do some cross training by yoga, cycling, zumba, aqua jogging, hiking, swimming or gym in your weekly routine. It reduces chance of injury. These are always beneficial to improve cardiovascular fitness. Low impact activities and flexibility exercise help prevent stiffness of muscles and provide the benefit you need without putting more stress on your joints. Running muscles get a well deserved break. You can do yoga before your run, cool down with yoga after your run.

Running is cheapest and easiest exercise. You need just comfortable pair of shoes and willingness to do more or a lot all at your own pace. Running shoes with all budgets are available in market. In other way, investment in a good pair of running shoes can be recovered in the form of savings on your medical bills.

Modern life style gifts a lot of diseases like stress, heart problems, obesity, blood pressure etc. I have seen quite young suffering from these issues. One can avoid these by indulging in any physical activity regularly.

If you are committed to something, you will always find time. Create a balance between work and life because it is important. It motivates a person, increases their productivity, loyalty & reduces conflicts and lower absenteeism. I have not taken any medical leave since last so many years. It creates positive perception towards life and commitment. Achieving a work - life balance is a daily challenge.

Run outdoors, it has more gains. It melts sadness, anxiety and keeps you young. It not only helps in reducing the weight but also to keep good state of mind. If anyone follows good eating habits, he can quickly reach his weight loss target. It helps in cope with work pressure. It reduces back pain, strengthens hip muscles and knees. It helps in getting sound sleep. After the running workout I feel lighter and more flexible. It retards the process of ageing. Run before life runs you down.

See you at the start line of a running event.....

❖❖❖

Yogendra Singh Saini
Dy Managing Director,
Bank of Baroda
(Kenya) Ltd., Kenya

Celebrations

अहमदाबाद में श्रम विषयक संसदीय स्थायी समिति का दौरा

अहमदाबाद में दिनांक 05 दिसम्बर 2019 को श्रम विषयक संसदीय स्थायी समिति का दौरा किया गया जिसका समन्वय हमारे बैंक को सौंपा गया था. समिति द्वारा अहमदाबाद शहर के कतिपय उपक्रमों व बैंकों की श्रम विषयक कार्यनीति पर अध्ययन संबंधी विचार विमर्श किया गया. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, महाप्रबंधक–मुख्य समन्वय श्री के वी तुसलीबागवाले, महाप्रबंधक श्रीमती अर्चना पाण्डेय, प्रधान कार्यालय से प्रमुख–राजभाषा व संसदीय समिति श्री रोशन शर्मा उपस्थित थे.

दिल्ली महानगर क्षेत्र–3 द्वारा अंचल स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

दिनांक 11 दिसम्बर 2019 को दिल्ली महानगर क्षेत्र–3 द्वारा दिल्ली पुलिस (पूर्वी सीमा) के साथ अंचल स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख द्वय श्री के पी शर्मा तथा श्री बी के गुप्ता, विभिन्न सुरक्षा अधिकारी तथा अंचल व क्षेत्र के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

मुजफ्फरपुर क्षेत्र में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 15 नवम्बर 2019 को क्षेत्रीय कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा अंचल प्रमुख श्री नित्यानन्द बेहेरा की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. उक्त अवसर पर मुजफ्फरपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री बाणीब्रत बिश्वास, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री सी बी पी वर्मा तथा विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुखगण उपस्थित थे.

बीएसबीडी योजना के अंतर्गत 5 करोड़ खाते का लक्ष्य प्राप्त करने पर प्रधान कार्यालय, बड़ौदा में कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 24 अक्तूबर 2019 को प्रधान कार्यालय, बड़ौदा में वित्तीय समावेशन विभाग द्वारा बीएसबीडी योजना स्कीम के तहत 5 करोड़ से ज्यादा खाते खोलने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक–मुख्य समन्वयन श्री रोहित पटेल, महाप्रबंधक श्री एम वी मुरली कृष्णा, श्री के आर कन्नोजिया, श्री तपन दास, श्री सी मालोलन एवं वरिष्ठ कार्यपालकगण उपस्थित थे.

नासिक में प्रॉपर्टी एक्सपो शेल्टर का आयोजन

नासिक क्षेत्र द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर 2019 से 22 दिसम्बर 2019 तक प्रॉपर्टी एक्सपो शेल्टर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री राकेश कुमार एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अनिल बड़जात्या द्वारा बैंक के स्टॉल का उद्घाटन किया गया.

क्षेत्रीय कार्यालय, मुरादाबाद द्वारा विदेशी मुद्रा एवं वित्तीय व्यापार पर कार्यशाला

दिनांक 16 नवम्बर, 2019 को मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा विदेशी मुद्रा एवं वित्त व्यापार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. मुरादाबाद क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री टी पी नंदा ने प्रतिभागियों को संबोधित किया. इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा मुरादाबाद स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया.

आयोजन

भोपाल में ऋण निगरानी, वसूली एवं जोखिम प्रबंधन सम्मेलन का आयोजन

I started going to Hanuman temple on Saturday night and Gurudwara on Sunday morning. I got two advantages, first I got connected to the community and also got to eat food. Further, one fine morning, I got message from driver saying "Mr. X is off (expired) and being cremated at 11:30". The city had only one cremation ground, so I told him I will go to attend funeral. I was a new face in the function which lasted for two hours. People sitting nearby saw a new face and enquired about me. I introduced myself as Manager at Bank of Baroda, they said "oh manager baroda, was he your customer?" I said no just on humanitarian ground, I have come. After that I was regular visitor to cremation ground and could get number of customers. So here is the point, if you want you can have business in cremation ground also. During my tenure I gave 100% growth, despite the fact that the country had 22 days curfew due to election violence. The situation was so worse that Indian navy ship was stationed in neighbouring country for evacuation of residents, in case of emergency. After normalcy was restored, Bank of Baroda emerged as the bank in need. During my tenure, not even a single fraud happened. Even today after 10 years, I get regular call from customers from that place.

You were assigned the charge of MSME functions for business

growth in bank. Any specific incident would you like to mention?

I was heading MSME vertical for 20 months. During my tenure MSME growth was 17% which was highest in decade history of BOB. I think, business opportunities are huge in this segment. To have growth, you should have product, simplified processes and competitive prices. But the most important is to give confidence to your team and believe me, our staff have every potential to come with flying colours. I just gave freedom to my staff to perform and said, performance is all yours and failures is all mine and what is created (17% growth) is a history. You need to be leader to lead from front and not as boss.

What was the most interesting and challenging experience of your banking career?

Most challenging assignment was being Chairman, Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank (BRKGB). I was working as DRM in Indraprasth Region (newly formed region). Upon selection as Chairman (BRKGB) I reported to the Bank and found that there was a dharana going on outside the bank. I introduced myself to them and requested to meet me in the evening. Further I requested the Head Office staff to keep offering tea and juice to union people, so that they have energy. I introduced myself to staff and defined priorities. In the evening, union people came and had discussions. I told them clearly that"by all these dharna (agitation), you are losing customers' trust in the bank. If there is any issue, you should come to discuss and I will give decision in affirmative or negative. But still if you prefer all these agitations, bank will lose business and if recommended for merger you will be losing your value.

They said, they were thinking that since today is dharna so the Chairman will not join. My version was, if I would not have joined, you would have issued circular saying 'aane se phele dar gaya'. I made it clear to union that "I will lead from front".

Second day of my joining, I took two disciplinary decisions. One- against the staff who after departure of earlier Chairman spread on social media that police has gone to arrest Chairman and he has fled. Second disciplinary action of dismissal was pending against staff for three months. CVO presented paper for authority and I signed. After that, he said he will despatch after 10 days as it will allow them to pay full month salary to staff. Sensing this, as information will be leaked to staff and protest will start, I instructed CVO to take a bus and report in the branch next day, before 10 a.m., do preventive vigilance inspection and at 4.45 p.m call the officer, hand over the letter and confirm over phone. Even my secretary could know only after three days about dismissal of staff. So message was loud and clear – "banking without favour and fear". Then I started connecting to staff and customers. During my tenure, I travelled approximately 2 lacs km and visited more than 80% branches and addressed all staff, conducted thousands of customers meetings which resulted in trust building. I got printed my mobile number in bank diary. Staff/customers had liberty to call me directly. Bank's performance was applauded by all stake holders and bank won more than 50 awards. Bank also got prestigious 'technology bank of the year award' from IBA consequently for two years which is still continuing. Bank was amongst top 5 RRBs of the country with 100 + crore net profit, A category and A rated bank. I got Chairman incentive under NABARD scheme for performance. During my tenure, almost 100% growth and not even a single agitation happened thereafter. Success mantra was connect to staff and to customer. I created a feeling of ownership amongst staff and impartial leadership. I enjoyed a very cordial relationship.

How did you manage your professional and personal/ family life with the busy and extended banking occupation?

To be very frank, I compromised on this front and my first priority was bank. I am really thankful to my wife who took care of my family and supported me in giving my 100% to bank with integrity. Almost out of total 38 years of service 50% I have remained as forced bachelor.

How do you see the present scenario of banking sector?

In last 5 years balance sheets are almost cleaned, banking is technology driven and Bank of Baroda is much ahead of its peers as far as technology is concerned. With stress on NBFCs, which has majority share in financing more particularly in MSME segment, I feel a huge potential is available. Our bank is a very strong bank, both financially and professionally. Top management is very supportive and innovative. Bank has a good mixture of young and experienced staff who are self committed to see their bank at top position. I do not find any reason why our bank should not enjoy industry leadership position as bank is having capital, capacity, capability and the brand image with more than 70% young, well qualified and energetic workforce.

What do you think about the future of our bank and what are your message to the Barodians especially to Gen Next employees? Any specific suggestion to youngsters of the bank?

The commitment level of Baroding is so high that any call given by bank is taken as commitment by all staff. In the past, in spite of tough time, bank has been performing and will continue to perform. Soon bank will be enjoying market leader status.

For staff, I will simply request that,

- Be transparent in your behaviour and working.
- Do not chase targets but tap the available potential
- No compromise with bank policies and guidelines.
- Have trust in yourself and in your leadership, future is yours.

What are your post retirement plans?

After retirement, I am feeling much relaxed with no stress. I keep myself busy in meeting my relatives and friends who were compromised with one excuse or other during service. I am enjoying a very happy life with my family. Also to keep myself engaged, I have chosen education sector. ❖❖❖

National Pension System (NPS)

The Government of India introduced the New Pension Scheme from January 01, 2004 through a notification on December 22, 2003 for new entrants to Central Government Services, except to Armed Forces. The Government constituted an interim regulator, the Interim Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) through a Government Resolution in October, 2003 as a precursor to a statutory regulator.

With an objective to bring the **New Pension scheme now renamed National Pension System (NPS)** within a statutory regulatory jurisdiction, an Ordinance was promulgated on December 29, 2004 for setting up a statutory regulatory Pension Fund Regulatory and Development Authority.

National Pension System (NPS) is a voluntary, defined contribution retirement savings scheme designed to enable the subscribers to make optimum decisions regarding their future through systematic savings during their working life. NPS seeks to inculcate the habit of saving for retirement amongst the citizens. It is an attempt towards finding a sustainable solution to the problem of providing adequate retirement income to every citizen of India.

Under the NPS, individual savings are pooled in to a pension fund which are invested by PFRDA regulated professional fund managers as per the approved investment guidelines in to the diversified portfolios comprising of government bonds, bills, corporate debentures and shares. These contributions would grow and accumulate over the years, depending on the returns earned on the investment made.

NPS is now available to all citizens of India with effect from May 1, 2009, other than Government employees already covered under NPS. Under NPS following two types of accounts is available.

Tier-I account:

Any subscriber can contribute his/her savings for retirement into this non-withdrawable account. It may include employer's contribution in case of corporate sector.

Tier-II account:

This is a voluntary savings facility. In this facility, subscribers are free to withdraw their savings whenever he wishes. The facility of Tier II account was made available from December 01, 2009 to all citizens of India including Govt. employees and corporate sector subscribers not mandatorily covered under NPS. An active tier I account will be a pre-requisite for opening of a Tier II.

Benefits of NPS

To Employee

- **Portable -** Applicant can operate an account from anywhere in the country and can pay contributions through any of the POP-SPs irrespective of the POP-SP branch with whom the applicant is registered, even if he/she changes his/her city, job etc and also make contribution through eNPS. The account can be shifted to any other sector like Government Sector, Corporate Model in case the subscriber gets the employment.

  Therefore, Fund is easily transferred to new organization after switching the job, if PRAN is generated. There is no minimum job period limit for switching the fund through PRAN shifting.

- **A safe retirement fund:** Introduced by the Government of India and regulated by the Pension Fund Regulatory & Development Authority (PFRDA).

  Employee can see his/her present value of NPS fund through Mobile App or online at any time.

To Others

- **Voluntary -** NPS is open to every Indian Citizen. A subscriber can choose the amount he/she wants to set aside and save every year.
- **Dual benefit of Low Cost and Power of compounding –** The account maintenance costs under NPS are the lowest as compared to similar pension products available in India, like retirement plans offered by Insurance companies and mutual funds. Till the retirement pension wealth accumulation grows over a period of time with a compounding effect. The account maintenance charges being low, the benefit of accumulated pension wealth to the subscriber eventually becomes large.
- **Simple -** All applicants have to do is to open an account with any one of the POPs or through eNPS and get a Permanemt Retirement Account Number(PRAN)
- **Flexible -** Applicant can choose his/her own investment option and Pension Fund or select Auto choice to get better returns.
- **Regulated –** NPS is regulated by PFRDA, with transparent investment norms and regular monitoring and performance review of fund managers by NPS Trust.

Tax benefit

❖ **To Employers:**

Contributions made by the employer (upto 10% of Basic+ DA) are allowed as a business expense under Section 36 (1) IV (a) ofIncome Tax Act 1961.

❖ **To Employees :**

- Individuals who are employed and contributing to NPS would enjoy tax benefits on their own contributions as well as their employer's contribution as under: -
- **Employee's own contribution -** Eligible for tax deduction up to 10% of Salary (Basic + DA) under Section 80 CCD(1) within the overall ceiling of Rs. 1.50 lacs under Sec 80 CCE.

- **(b) Employer's contribution –** The employee is eligible for tax deduction up to 10% of Salary (Basic + DA) contributed by employer under Sec 80 CCD(2) over and above the limit of Rs. 1.50 lacs provided under Sec 80 CCE.
- **To self-employed:**
- Eligible for tax deduction up to 20 % of gross income under Sec 80 CCD (1) with in the overall ceiling of Rs. 1.50 lacs under Sec 80 CCE.
- Subscriber is allowed deduction in addition to the deduction allowed under Sec. 80CCD(1) for additional contribution in his NPS account subject to maximum investment of **Rs. 50,000/-** under sec. 80CCD 1(B)

Tax benefits would be applicable as per the Income Tax Act, 1961 as amended from time to time and are applicable for investments in Tier I account only.

Tax Benefits on Withdrawal:

- Amount utilized for purchase of annuity at the time of exit (Minimum 40% mandatory) is not treated as income.

  40% of the total corpus at the time of exit is not treated as income.

Nomination:

Minor can be a nominee. In such case, subscriber will be required to provide guardian's details and date of birth of the minor. Subscriber will be allowed to register up to three nominees only.

Partial withdrawal from National Pension System by subscribers of NPS.

National Pension System (NPS) is targeted at creating a corpus for the retirement years. Being a retirement product NPS discourages early withdrawals by mandating to annuitize at least 80 % of the money. Withdrawals before exit from NPS have been permitted for specific reasons.

Regulation 8 of the Pension Fund Regulatory and Development Authority (Exits and Withdrawal under the National Pension System) which allows for partial withdrawals, had been amended w.e.f. 10.08.2017 and notified as under:

A partial withdrawal of accumulated pension wealth of the subscriber, not exceeding twenty five percent of the contributions made by the subscriber and excluding contributions made by employer, if any, at any time before exit from National Pension System subject to the terms and conditions, purpose, frequency and limits specified below:-

A. Purpose:

A subscriber on the date of submission of the withdrawal form shall be permitted to withdraw not exceeding 25% of the contributions made by him/her to his/her individual pension account, for any of the following purposes only:-

a. For higher education of his or her children including a legally adopted child

b. For the marriage of his or her children, including a legally adopted child

c. For the purchase or construction of a residential house or flat in his or her own name or in a joint name with his or her legally wedded spouse. In case, the subscriber already owns either individually or in the joint name a residential house or flat, other than ancestral property, no withdrawal under these regulations shall be permitted.

d. For treatment of specified illnesses: if the subscriber, his legally wedded spouse, children, including a legally adopted child or dependent parents suffer from any specified illness, which shall comprise of hospitalization and treatment in respect of some specified diseases:

B. Limits:

The permitted withdrawal shall be allowed only if the following eligibility criteria and limit for availing the benefit are complied with by the subscriber: -

a. The subscriber shall have been in the National Pension System at least for a period of -3- years from the date of his or her joining

b. The subscriber shall be permitted to withdraw accumulations not exceeding 25 % of the contributions made by him or her and standing to his or her credit in his or her individual pension account, as on the date of application for withdrawal.

C. Frequency:

The subscriber shall be allowed to withdraw only a maximum of 3 times during the entire tenure of subscription under the National Pension System. The request for withdrawal shall be submitted by the subscriber, along with relevant documents to the central recordkeeping agency or the National Pension System Trust, as may be specified, for processing of such withdrawal claim through their nodal office – HR-Operations Department, Head Office, Baroda. Provided that where a subscriber is suffering from any illness, specified in sub clause (d),the request for withdrawal may be submitted, through any family member of such subscriber.

Partial withdrawal process/documents: Operational process/documents to be adhered to /submitted for availing partial withdrawal would be as per the norms/ guidelines as under:

The form for partial withdrawal as prescribed by NPS [copy enclosed] should be accompanied by the prescribed documents as under:

Sr.No.	Type of Withdrawal	Documents required
1.	For Higher Education	Copy of admission letter of the Institute along with the Fees structure
2.	For marriage of his or her children	Self Declaration
3.	For purchase or construction of a residential house or flat in his or her name or in a joint name with his or her legally wedded spouse	Photocopy of Title documents of the Property, Approved Plan and self declaration OR Loan sanction letter issued by our Bank and self declaration
4.	For treatment of specified illnesses: if the subscriber, his legally wedded spouse, children, including a legally adopted child or dependent parents.	Certificate from Doctor

❖❖❖

Ashutosh N Mishra
Chief Manager
Terminal Benefits
Head Office, Baroda

बैंकों में जोखिम प्रबंधन के नये आयाम

प्रतिस्पर्धा के व्यापक दौर में बैंकों के कारोबारी विस्तार, ग्राहक आधार में आक्रामक वृद्धि, बेतहासा संख्या में शाखाओं की वृद्धि, क्षेत्र विशेष में व्यवसाय की संतृप्तता के रहते हुए भी विस्तार की वृद्धि हेतु कर्मचारियों पर बढ़ता दबाव आदि धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि का मुख्य कारक है. इस स्थिति में नियंत्रकों को सुदृढ निगरानी व्यवस्था और अंतरण प्रणाली को सक्रिय बनाने की आवश्यकता है, ताकि धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन जैसे विषय पर सक्रिय पहुंच बना कर काबू किया जा सके. बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसी व्यवस्था का विकास करना होगा जो कि शुरुआती दौर में ही धोखाधड़ी के चिह्नों की पहचान कर सके, जिसमें धोखाधड़ी संपन्न होने के पूर्व ही इसकी रोकथाम के उपायों पर ध्यान दिया जाए. एक ऐसी केंद्रीय परिदृश्य/केंद्रीय व्यवस्था बनाने की महती आवश्यकता है, जो कि इस प्रकार की घटनाओं से बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को धोखाधड़ी के जोखिम प्रबंधन में सहायता प्रदान करे और ऐसी घटनाओं को काबू करने के लिये प्रतिबद्ध हो. बैंकों और वित्तीय संस्थाओं ने धोखाधड़ी की घटनाओं और इससे जुड़े मामलों में हाल ही के कुछ समय में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है, जिनमें ना सिर्फ बाह्य धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आये बल्कि आंतरिक धोखाधड़ी के मामले भी देखे गये.

एक शायर ने धोखाधड़ी करने वालों के चरित्र को निम्न शेर में बखूबी बयान किया है:-

जिनका मकसद फ़रेब होता है
वो बड़े सादगी से मिलते हैं....!!

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी किए गए नियामक आदेश के अनुसार, बैंकों के कार्यपालक निदेशकों और प्रबंध निदेशकों को यह मुख्य रूप से कहा गया है कि वह अपने बैंक और वित्तीय संस्थानों में हो रहे धोखाधड़ी से संबंधित मामलों पर केंद्रीय प्रशासनिक प्रभाग (विशिष्ट एवं समर्पित विभाग) की संरचना करें, जांच करें, निगरानी करें और उनकी रोकथाम के उपायों द्वारा हल निकालें. यह सर्वथा सत्य है कि बैंकों में हो रही धोखाधड़ी से उनके व्यवसाय पर वित्तीय रूप से, नीतिगत रूप से एवं इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में हो रही साख का नुकसान अकल्पनीय है. ये धोखाधड़ी से सम्बंधित मामले बैंकों को आर्थिक रुप से बेहद गहरा आघात लगा रहे हैं परिणामस्वरूप लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से संस्था की तकनीक, क्षमता, विश्वसनीयता और प्रसंस्करण प्रक्रिया भी शक के घेरे में आ जाती है.

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए बैंकिंग धोखाधड़ी से संबंधित एक डाटा के अनुसार 2004 से 2009 के बीच धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 2 गुना वृद्धि हुई है. 2009 में बैंक में हुए धोखाधड़ी से संबंधित मामलों की कुल संख्या 23914 थी, जब कि इन घटनाओं में नुकसान हुई राशि का मूल्य 1883 करोड़ था. ध्यान देने वाली वात यह है कि इन कुल मामलों में से एक करोड़ या उससे अधिक राशि के मामले कुल 1% से भी कम है.



2004 से 2009 के मध्य का बैंकिंग सम्बंधित धोखाधड़ी का विश्लेषण

(स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट)

बैंकों के लिए तकनीकी तौर पर नए बैंकिंग उत्पादों जैसे एस एम एस बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग में हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं से उनकी साख और विश्वसनीयता के साथ-साथ ग्राहक आधार में भी कमी हो रही है, जो की उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है. तकनीक के अनुसरण और समायोजन में बैंक और वित्तीय संस्थाओं ने हाल ही के वर्षों में कई सौ गुना वृद्धि करते हुए अभूतपूर्व सफलता हासिल की क्योंकि प्रतिस्पर्धात्मक बाजारवाद के इस युग में ऐसा ना कर पाने पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, प्राइवेट बैंकों से पिछड़े रह जाते. तकनीक आधारित इस दौर में डिजिटलीकरण का बढ़ता दायरा, व्यापक तौर पर बैंकों को उनके प्रबंधन, प्रशासन एवं उनसे जुड़ी हुई सुरक्षा की नीतियों पर ध्यान देने के लिए प्रशस्त करता है. हाल ही में हुए विमुद्रीकरण के बाद डिजिटल अंतरण प्रक्रिया में ऐतिहासिक वृद्धि और बदलाव दर्ज किया गया गया. बाजारवाद के इस युग में कितनी ही नई कंपनियां डिजिटलाइजेशन का हिस्सा बनते हुए अंतरण प्रक्रिया प्रदान करने के साथ-साथ लेनदेन की प्रक्रिया को आसान बनाने से जुड़े कई उत्पाद जनता के सामने लेकर आईं, जिससे ना केवल बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं को प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान हुआ बल्कि उनके संस्थागत तंत्र को इस प्रकार से विकसित करने को मजबूर कर दिया ताकि वे अन्य छोटी-छोटी तकनीकी एवं डिजिटल रूप से सुदृढ़ कंपनियों के सामने कदम से कदम मिलाकर अपने ग्राहक आधार की रक्षा कर सकें.



धोखाधड़ी परिदृश्य का समग्र विकास भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में जोखिम प्रबंधन हेतु आवश्यक तंत्र और प्रक्रियागत खामियों की जानकारी प्रदान करते हुए, बैंकों से उन की तैयारी का जायजा लेने के लिए एक रिपोर्ट मांगी थी. प्राप्त डाटा आधारित रिपोर्ट के अनुसार कुछ बैंकों को छोड़कर कई वित्तीय संस्थाएं और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भी डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से आवश्यक मापदंडों में पिछड़े हुए हैं. इन बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बोर्ड और उच्च प्रबंधन को निश्चित रूप से इस ओर गंभीर ध्यान देना होगा ताकि वे ऐसी किसी भी आपदा या घटना से बचाव का रास्ता निकाल सके. प्रतिस्पर्धा और बाजारवाद के इस युग में बैंक और वित्तीय संस्थाएं यदि पिछड़े हुए रवैये को अख्तियार कर इस ओर विशेष ध्यान नहीं देंगे तो फिर निश्चित तौर पर पंगु रह जाएंगे और साइबर सुरक्षा एवं सामान्य धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में भी पिछड़ते जाएंगे, जो की आर्थिक, नीतिगत, व्यावसायिक एवम उनकी साख पर दुष्प्रभाव छोड़ेगा.

वर्ष 2016 के दौरान ऋण आधारित धोखाधड़ी के मामले, धोखाधड़ी के कुल मामलों का 92 प्रतिशत से अधिक रहा. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में होने वाले धोखाधड़ी के मामले प्राइवेट और विदेशी बैंकों की अपेक्षा अधिक है. इस प्रकार के लगभग प्रत्येक मामलों में ऐसा पाया गया है कि 3 या 4 वर्ष के आसपास ऐसे ऋण को गैर निष्पादित आस्तियों की श्रेणी में रखा गया और उधारकर्ता के धोखेबाज होने की जानकारी बाद में पाई गई. परिणामस्वरुप धोखाधड़ी होने और उसका पता लगने के बीच के समय का अंतर उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा है. ऐसी घटनाओं से निश्चित तौर पर आंतरिक नियामक स्तर और कर्मचारियों की संलिप्तता संदेहजनक हो जाती है. ऐसी घटनाओं की जानकारी होते ही प्रबंधन या तंत्र को सूचना प्रदान कर दिये जाने से जिम्मेदारी निभाने और ऐसे अपराधों को घटाने की प्रक्रिया में सहायता मिलेगी.

पिछले कुछ दशकों में बृहद विश्वव्यापी कॉरपोरेट नियमन, सूचना सुरक्षा हितों एवं तकनीकी विकास के बावजूद हम बैंकिंग क्षेत्र में लगातार धोखाधड़ी के मामले में वृद्धि देखते आ रहे हैं, कुछ धोखाधड़ी से जुड़े वैश्विक आंकड़े डरा देने वाले हैं. नीलसन रिपोर्ट के अनुसार, संस्थाएं अपने कुल लाभ का लगभग 7% औसतन धोखाधड़ी में गवा देते हैं जिसमे वैश्विक नुकसान का कुल आंकडा लगभग 66000 करोड़ रुपए का है. धोखाधड़ी के सारे मामलों को मिलाकर यह आंकड़े सभी प्रकार के क्षेत्रों में हुई धोखाधड़ियो के मामलों मे संलिप्त राशि को लेकर निर्धारित किए गए.

संस्था विशेष की निगरानी के लिये रणनीतिक तन्त्र

इसके अतिरिक्त एक रिपोर्ट के अनुसार, औसतन वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े हुए मामलों में धोखाधड़ी की जानकारी से पहले लगभग 2 साल 1 महीना अर्थात 25 महीने का समय व्यतीत हो जाता है. क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल और इंटरनेट से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में अर्थात तकनीकी धोखाधड़ी के मामलों में वर्ष दर वर्ष लगभग 50% की वृद्धि दर्ज हो रही है, जोकि लगभग 25 सौ करोड़ का नुकसान कराती है. ऐसी परिस्थितियों में यह अति आवश्यक और उपयुक्त है कि इसके मूल कारण और मूल परेशानियों को समझा जाए और एक ऐसे सुव्यवस्थित और सुदृढ परिदृश्य का विकास किया जाए जो की प्राप्त सूचना और जानकारी के आधार पर जो कि इस प्रकार की घटनाओं के शुरुआती चिह्न मिलते ही उसके रोकथाम का उपाय या सुझाव दे सकें. इसके अतिरिक्त सूचना सुरक्षा मामलों की रोकथाम और तकनीक से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में एक ऐसे हल की खोज की जानी चाहिए, जो साख, नीति प्रबंधन आदि की सामाजिक अभियांत्रिकी पर होने वाले हमले को बचा सके.

उर्दू शायरी की दुनिया के महान शायर जनाब जेब गौरी ने क्या खूब लिखा है कि:–

ज़ख्म लगा कर उसका भी कुछ हाथ खुला,

मैं भी धोखा खाकर ही चालाक हुआ....!!

प्रत्येक क्षेत्र विशेष में संस्थाओं के आधार पर धोखाधड़ी की परिभाषा अलग प्रकार से दी गई है, लेकिन संदर्भ तौर पर कोई भी ऐसा कार्य जो वैधानिक तौर पर दुराचार, कदाचार, धोखा या गलत तरीके से समृद्धि की चाहत से जुड़ा हुआ हो धोखाधड़ी के अंतर्गत आता है. प्रत्येक संस्था, प्रत्येक क्षेत्र विशेष के लिए इसकी परिभाषा को परिवर्तित कर क्षेत्र विशेष हेतु परिभाषित किया गया है. वित्तीय संस्थाओं और बैंकों के लिए इसकी परिभाषा सीधे तौर पर बैंकिंग उत्पादों और बैंकों के साथ किए गए धोखाधड़ी के कृत्य से जोड़कर देखा जाता है.

धोखाधड़ी से बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को कई प्रकार के नुकसान/हानि की संभावनाएं बनी रहती है जिनमें से निम्नलिखित तीन प्रमुख हैं:–

1. वित्तीय प्रभाव : वित्तीय प्रभाव को 4 प्रकार से बांटा जा सकता है पहला सीधा नुकसान दूसरा अप्रत्यक्ष नुकसान तीसरा बढ़ता ऋण जोखिम और चौथा धोखाधड़ी प्रबंधन और वसूली में बढ़ती लागत
2. साख पर असर: साख पर असर भी दो प्रकार से बांटा जा सकता है पहला विश्वसनीयता और दूसरा नीतिगत असर
3. मनोवैज्ञानिक प्रभाव : मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर धोखाधड़ी का सीधा–सीधा प्रभाव डालता है.

धोखाधड़ी के मामलों में आंतरिक सतर्कता, एक मुख्य कारक बन कर ऐसे मामलों के दोहराव की संभावना को न्यूनतम कर देती है. निश्चित तौर पर सतर्कता संबंधित निम्नलिखित 12 सूत्र धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन में सीधे और सपाट तौर पर काबू पाने में ऐतिहासिक सफलता का मंत्र साबित हो सकते हैं जो कि निम्नलिखित है:–

1. पहला सूत्र: प्रथम सूत्र फोर आई कॉन्सेप्ट सिद्धांत अपनाने से संबंधित है, जो कि बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र में बिना समझौते के अपनाना होगा. इनमें से पहली आंख है–घटना की पहचान करना, दूसरी–घटना की सूचना देना, तीसरी–नियंत्रण प्रक्रिया का आवंटन और चौथी–ऐसे प्रत्येक मामले को उसके न्यूनतम स्तर तक ले जाने के लिए सजा की व्यवस्था का निर्माण करना है.



सुदृढ धोखाधड़ी प्रबंधन के लिये आवश्यक/कीमती सुझाव

2. दूसरा सूत्र : ऋण आधारित पांच C से संबंधित है, पहला C (कैपेसिटी)क्षमता, दूसरा C (कैपिटल) पूंजी, तीसरा C (कॉलेटरल) संपार्श्विक, चौथा C (कंडीशन) शर्तें एवं पांचवा C (कैरेक्टर) चरित्र. इन पांच C को ध्यान में रख कर प्रदान की गयी ऋण सुविधा में धोखाधड़ी की सम्भावना न्यून हो जाती है.
3. तीसरा सूत्र : इस प्रकार की संस्कृति का विकास करना, जिससे संस्था में सनातन सतर्कता और मजबूत आंतरिक नियंत्रण एवं अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके. ध्यान रहे कि धोखाधड़ी एक आपराधिक कृत्य है, इसकी रोकथाम ही सम्भव है इसका खात्मा नहीं किया जा सकता .
4. चौथा सूत्र : तकनीकी चुनौतियों का सामना करने का मतलब ज्यादा से ज्यादा तकनीक का इस्तेमाल नहीं होता है बल्कि सुदृढ़ और मजबूत तंत्र का विकास करना होता है.
5. पांचवा सूत्र : संस्था को व्यक्ति आधारित जोखिम की रोक और संतुलन के लिए तंत्र विकसित करना होगा. व्यक्ति आधारित जोखिम या कर्मचारी आधारित जोखिम का सामना करने में ज्यादा संघर्षण होता है. ऐसी परिस्थितियों में जिस विभाग या प्रभाग या सेल में नए कर्मचारियों को कार्य दिया गया है, पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है. ऐसा प्रतीत होता है कि नए कर्मचारियों को उपयुक्त तंत्र और आवश्यक नियमावली प्रदान करना, साथ ही उनकी शुरुआती दुविधाओं को दूर करने के लिए ऐसे प्रश्न उत्तर संबंधित किताब आदि का प्रबंध करना सहायक साबित हो सकता है.



6. छठा सूत्र : धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधकों को आवश्यक शक्ति प्रदान करना ताकि आकस्मिक स्थिति में वे सक्षम और सुगम तरीके से परिस्थितियों का सामना कर सके.
7. सातवां सूत्र : 3 C का विस्तृत एवं व्यापक उपयोग, जो इस सम्पूर्ण क्षेत्र विशेष के लिये निगरानी प्रणाली को सुविकसित करेगा. पहला C–सीएफआर (सेंट्रल फ्रॉड रजिस्ट्री), दूसरा C–सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इंफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट एवम तीसरा C–क्रेडिट ब्यूरो. इन संस्थाओ से जानकारी साझा कर हम आगामी धोखाधड़ी को कम कर सकते हैं.
8. आठवां सूत्र : बाजार समाचार पर भरोसा करना ताकि सम्बंधित क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन और अन्य समाचारों से ऐसी किसी भी स्थिति से बचाव किया जा सके.
9. नवां सूत्र : व्यवसाय विश्लेषण के उपकरणों का समुचित विकास करना ताकि पिछले डाटा के आधार पर सीख ले कर मार्गदर्शन किया जा सके.
10. दसवां सूत्र : नुकसान को कम करते हुए किसी भी स्थिति से उसकी मांग के आधार पर बाहर आ जाना अर्थात जिन क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर कम हो रहे हों उनमें अपना विस्तार सीमित कर अन्य विकासशील क्षेत्रों की ओर रुख करना.
11. ग्यारहवां सूत्र : धोखाधड़ी के मामलों का पीछा करते हुए, धोखाधड़ी में जा चुके नुकसान की राशि के लिए बचे हुए पूंजीगत धन का बचाव करना ताकि भविष्य में बची हुई पूंजी का सही जगह इस्तेमाल कर व्यवसाय विस्तार करना.
12. बारहवां सूत्र : भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गए नियम और शर्तों को अक्षरस: एवं मनोयोग से पालन करना ताकि नियंत्रक संस्था की नियमावली का पालन सुदृढ जोखिम प्रबंधन प्रणाली विकसित किया जा सके.

धोखाधड़ी का संकेत मिलना ही उसका बचाव है, धोखाधड़ी के बारे में खुलकर कोई भी संस्था के अंदर बात करना नहीं चाहता, क्योंकि इस बारे में बात करना लोग अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान के खिलाफ समझते है. कर्मचारियों के मध्य जागरुकता विशेष रुप से फैलानी होगी की धोखाधड़ी से होने वाले नुकसान मात्र संस्थागत ना होकर, संस्था से जुड़े होने के कारण एवं संस्था की साख पर असर होने के दौरान कहीं ना कहीं आप पर भी असर करते हैं. जागरूकता का दायरा इस प्रकार विकसित करना होगा कि जो लोग धोखाधड़ी के बारे में नहीं जानते, उनको भी इनके बारे में विस्तार से जानकारी कराना प्रबंधन के लिए अति आवश्यक है. इस प्रकार की प्रशिक्षण और तंत्र की व्यवस्था करना ताकि वह अपने रोजमर्रा के कार्यकलाप और अंतरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी के संकेतों की पहचान कर सके और उनके प्रसंस्करण से पूर्व ही उनकी रोकथाम और जोखिम का आकलन कर जिम्मेदारी पूर्वक कार्यान्वयन करें.

नियंत्रण विकास की प्रक्रिया के दौरान धोखाधड़ी की परख करना और उनके शुरुआती और आवश्यक रोकथाम की विश्लेषणात्मक और इष्टतम नियंत्रण विकास की प्रक्रिया को सार्वजनिक तौर पर कर्मचारियों के मध्य प्रचलित करना है. धोखाधड़ी जोखिम के बारे में नए कर्मचारियों को शुरुआती प्रशिक्षण के दौरान उनके पाठ्यक्रम में इस प्रकार सम्मिलित करना चाहिए की यह विषय उनकी प्रशिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न अंग हो. समय दर समय ऐसी किसी भी घटना के संकेत मिलने से वह जागरूक कर्मचारी की भांति उसका आकलन कर उसकी रोकथाम के तरीकों पर कार्य कर सकें. धोखाधड़ी जोखिम के बारे में समय-समय पर बाजार में आ रही आवश्यक जानकारी को कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रकार से संभव तरीकों के द्वारा अद्यतन सूचना प्रसारित करवाना भी प्रबंधन के लिए इस प्रक्रिया का मुख्य हिस्सा है. साथ ही मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक कर्मचारी सम्मेलनों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन जैसे विषयों को मुख्य रूप से सम्मिलित करना भी एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है.



धोखाधड़ी के मामलों की आवृत्ति या घटना के समयांतराल आदि पर भी अद्यतन जानकारी कर्मचारियों के बीच समय-समय पर प्रवाहित करते रहना चाहिए, ताकि वह इस प्रक्रिया में जिम्मेदारी से हिस्सा लेकर इस जोखिम प्रबंधन प्रणाली का महत्वपूर्ण साझेदार बनकर इसकी रोकथाम में हाथ बटाएं. जानकारी और ज्ञान के अभाव में कई बार कर्मचारी अपने सामने हो रही धोखाधड़ी के बारे में भी नहीं जानते. शक्ति का गलत इस्तेमाल घूसखोरी, अपने निजी स्वार्थ के लिए, लिए गए गलत निर्णय, संपत्तियों का गलत उपयोग, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार जैसी कई घटनाओं को रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा मानकर उस पर ध्यान ना देते हुए उसे दरकिनार कर देते हैं जबकि धोखाधड़ी की घटनाओं के संपन्न होने में यह सभी बिंदु शुरुआती संकेत का कार्य करते हैं.

ध्यान देने योग्य बात यह है की धोखाधड़ी कभी भी और कहीं भी की जा सकती है और इसकी शुरुआत हमारे नजरअंदाज करने की वजह से हमारे पीठ पीछे हमारे आस-पास में भी किए जाने के दौरान हम इस से अनभिज्ञ रहते हैं छोटी-छोटी गलतियां कमियां और गलत कार्यों को नजरअंदाज कर हम एक बड़ी भूल और निकट भविष्य में हो सकने वाले बड़े धोखे के सृजन में हिस्सा बन सकते हैं.



आंतरिक धोखाधड़ी के प्रकार

हमारे कर्मचारियों के बीच परिपक्वता का विस्तार इस प्रकार विकसित करना होगा कि वह हमारी जोखिम आकलन की क्षमता की पहचान और उसके विश्लेषण का निर्धारण कर सके. हमारे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु मदद करें. परिपक्वता के विस्तार का विकास इस प्रकार करना होगा कि वह वास्तविक एवं सटीक जोखिम का समय पूर्व आकलन कर सके और जोखिम प्रबंधन जैसी योजनाओं एवं उसके नियंत्रण प्रकाश में विधिक आवश्यकताओं और विशिष्ट व्यापार की जरूरतों को समझ सके धोखाधड़ी से हो सकने वाले सीधे अप्रत्यक्ष बढ़ते हुए ऋण जोखिम एवं बढ़ती हुई धोखाधड़ी प्रबंधन की लागत को घटाने में इष्टतम योगदान दे सके. साथ ही जोखिम प्रबंधन की रणनीति के निर्माण और उसके अमल में आने का कार्यान्वयन की जिम्मेदारी के साथ प्रबंधन को भी समय-समय पर कार्यस्थल के प्रचलित प्रथाओं में परिवर्तन कर कर्मचारियों की कार्य परिवर्तन की स्थिति का नियंत्रण करना होगा जिससे उनके कार्यान्वयन में साफगोई और उत्पादकता का विकास हो सके.



बाह्य धोखाधड़ी के प्रकार

जोखिम प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन, उसकी उत्तम प्रभावशीलता और अंतर विश्लेषण की क्षमता पर निर्भर करता है. उपर्युक्त सुदृढ़ क़दमों के साथ ही एक सुदृढ धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन तंत्र का विकास किया जा सकता है और निकट भविष्य में ऐसी किसी भी धोखाधड़ी की घटना के संकेत पाकर उस घटना के नियंत्रण में योगदान दिया जा सकता है. बेहतर जोखिम प्रबंधन प्रणाली के विकास में सबसे पहले हमें जोखिम प्रबंधन आधारित प्रक्रिया का विकास करना होगा, जिसमें विशिष्ट धोखाधड़ी संबंधित मामलों में आधारित डाटा पर विश्लेषण कर उनके मूल कारकों का पता लगाना होगा. बृहद जोखिम आधारित अंतरण को खंगालकर डाटा से जोखिम आकलन की प्रक्रिया में कार्यान्वयन और मूल्यांकन हेतु अगले स्तर पर वरिष्ठ व्यक्ति को जिम्मेदारी देते हुए नियंत्रण के कार्यान्वयन हेतु प्रस्तावित करना होता है.

सुदृढ धोखधड़ी जोखिम प्रबंधन हेतु आवश्यक कदम

जोखिम आकलन :

1. संस्था के धोखाधड़ी जोखिम की पहचान
2. जोखिम क्षेत्र के विश्लेषण का निर्धारण
3. महत्वपूर्ण साझेदारों की पहचान करना
4. वास्तविक एवं सटीक जोखिम का आकलन

योजना/नियंत्रण विकास :

1. विधिक आवश्यकतायें
2. व्यापार संबंधित विशिष्ट आवश्यकतायें

कार्यान्वयन

1. आवश्यक रणनीति का निर्माण और उसका अनुपालन
2. वरिष्ठ व्यक्ति को जिम्मेदारी प्रदान करना
3. कार्यस्थल की प्रचलित प्रथाओं में परिवर्तन
4. नियंत्रण के कार्यांवयन में पारदर्शिता

मूल्यांकन :

1. इष्टतम प्रभावशीलता
2. अंतर विश्लेषण

मशहूर शायर श्री खुर्शीद तलब ने एक बार कहा था:-

कोई चिराग जलाता ही नहीं सलीके से....
मगर सभी को शिकायत हवा से है.....!!

शुरुआत जोखिम प्रबंधन के पहले कदम से करनी चाहिए जो कि यह पता करता है कि किसी भी घटना की पूर्ण जानकारी अर्थात, घटना कैसे संपन्न हुई जो कि आपके कुल नुकसान और जवाबदेही को सुनिश्चित करते हुए एवं विधिक सबूतों को मद्देनजर रखते हुए आंतरिक और बाह्य धोखेबाजों की पहचान में सहायता प्रदान करती है. ऐसा ना होने की स्थिति में धोखेबाज अपनी छद्म और आभासी शक्तियों के चलते बच निकलने में सक्षम रहते हैं परिणामस्वरुप संस्था को वित्तीय, मनोवैज्ञानिक और नीतिगत असर पड़ता है, जो इस प्रतियोगी युग में उनकी विशेष व्यावसायिकता को खो कर उनकी साख पर असर डाल सकता है. निश्चित तौर पर धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन, धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने से कहीं ज्यादा व्यापक और वृहद स्तर का कार्यक्रम है. धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन परिदृश्य यह सुनिश्चित करता है की किसी भी परिस्थिति में यदि संभावित धोखाधड़ी को हटाया ना जा सके तो उस स्थिति में संस्था को होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके.

❖❖❖

अशोक अग्रवाल
अधिकारी
ऋण विभाग
ग्रेटर कोलकाता क्षेत्र

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

केन्द्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार बैंक व्दारा अपने सभी कार्यालयों में दिनांक 28.10.2019 से 03.11.2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्यों ने शपथ ग्रहण की. प्रस्तुत हैं बैंक में विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों की कुछ झलकियां- संपादक

कॉर्पोरेट सेंटर, मुंबई

चेन्नै अंचल

हैदराबाद अंचल

प्रधान कार्यालय और बड़ौदा अंचल

चंडीगढ़ अंचल

जयपुर अंचल

एर्णाकुलम अंचल

मुंबई अंचल

नई दिल्ली अंचल



राजकोट अंचल

पुणे अंचल

भोपाल अंचल

पटना अंचल

कोलकाता अंचल

मेरठ अंचल

जाइरो घाटी, अरुणाचल प्रदेश:
प्रकृति की अमूल्य धरोहर

पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों को 'सेवेन सिस्टर्स' यानी सात बहनें कहा जाता है. पूर्वोत्तर भारत की ये सात बहनें 'सेवन सिस्टर्स' अपनी प्राकृतिक सुंदरता, मनमुग्ध और मनभावन लैंड स्केप, परंपरागत संस्कृति और बदलते मौसम की वजह से पूरे विश्वभर में अपनी पहचान रखती हैं. यहां की कला और हस्तशिल्प की भव्य विरासत तथा रंग-बिरंगे त्यौहार, प्रकृति की अपार शक्ति में लोगों के विश्वास को दर्शाता है. कुछ समय पहले तक अलगाववाद की आग में जलने और असुरक्षा की भावना के कारण इन राज्यों के प्रति बाहरी लोगों का आकर्षण कम था. लेकिन बदलते माहौल और समय के साथ-साथ इन राज्यों में पर्यटकों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई और अब ये सातों राज्य पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र बन गये हैं.

बिहार में पोस्टिंग के दौरान 2016 में एक बार मैंने अरुणाचल प्रदेश की यात्रा की. अक्टूबर के महीने में पटना से गुवाहाटी ट्रेन से यात्रा की और गुवाहाटी से कार से इटानगर गया. यदि आप होलिडे ट्रिप का असली आनंद लेना चाहते हैं तो जगह-जगह रुकते हुए जाएं. ऐसा करने से आप स्थानीय कला और संस्कृति, प्राकृतिक छटा, खान-पान का बेहतरीन आनंद ले सकेंगे. गुवाहाटी से इटानगर जाने के क्रम में हमने ऐसा ही अनुभव किया और पूर्वोत्तर की विरासत को समझने का प्रयास किया. अरुणाचल प्रदेश में कई ऐसे स्थान हैं जहां आप को न चाहते हुए भी जाना पड़ेगा क्योंकि उन स्थानों की खूबसूरती आपको बरबस खींच ले जाएगी.

अरुणाचल प्रदेश में ऐसी ही एक जगह है जाइरो/ जीरो जो अपने सांस्कृतिक विरासत और मनमोहक दृश्य के लिए जाना जाता है. अपनी खूबसूरती की वजह से ही यह कस्बा यूनेस्को के विश्व विरासत स्थलों में नामांकित भी हुआ है. जाइरो/ जीरो घाटी ईटानगर से तकरीबन 150 कि.मी की दूरी पर है. जाइरो / जीरो जाने के दो रास्ते हैं एक ईटानगर से जहां से 150 की.मी. की दूरी 4 घंटे में तय की जा सकती है और दूसरा रास्ता डिब्रुगढ आसाम से होकर जाता है जिसमें 7 घंटे लगते हैं. दोनों जगह से केवल सड़क मार्ग से ही जा सकते है. ईटानगर क्रॉस करके दोइमुख से आगे बढने पर पथरीली सड़क शुरू हो जाती है. आगे इस रास्ते पर जाते हुए कई बार दूर से जिस पहाड़ को देख कर डर लगता था कि वो कभी भी सड़क पर लैंड स्लाइड कर सकता है कुछ देर बाद कार उसी पहाड़ से गुजरती है और जान बिलकुल हलक में अटकी रहती है. तकरीबन डेढ़ से दो घंटे ऐसे ही पथरीले और पहाड़ी रास्ते पर चलते हुए पूसा से सड़क अच्छी मिलती है. क्योंकि वहां से बोर्डर रोड ऑर्गनाईजेशन ने सड़क बनाई हुई है. वैसे रास्ता भयानक जरुर है पर रास्ते में पहाड़ और हरियाली देखते बनती है. इन पहाड़ी रास्तों का अलग ही रोमांच है.

शाम 4 बजे जब हमलोग जीरो पहुंचे तब तक ठंड की चादर से बदन का सिहरना प्रारम्भ हो गया था. जीरो में सामान्य स्तर के कुछ ही होटल हैं. पर जब आप पहाड़ों में घूमने जाते हैं तो, पहाड़ों की प्राकृतिक खूबसूरती को दिल दे देते हैं. तब होटल की परवाह कौन करता है? हमलोग भी एक सामान्य से होटल में डेरा जमा लिए और सामान को रखते ही निकाल पड़े जीरो की पगडंडियों पर रोमांच का अनुभव करने.

जाइरो एक छोटा सा हिल स्टेशन है जो पाइन के पेड़ों से भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है. घने जंगलों के बीच आदिवासी लोगों के घर हैं . यह क्षेत्र अपनी धान की खेतों की वजह से भी काफी लोकप्रिय है. जाइरो पौधों और जन्तुओं के मामले में काफी धनी है तथा अपनी विविधता की वजह से प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श स्थान बनी हुई है. जाइरो में आदिवासी लोगों का प्रकृति से इतना अधिक लगाव है कि वह प्रकृति को भगवान की तरह पूजते हैं और खुद को इससे जुड़ा हुआ पाते हैं. लोगों से बातचीत के क्रम में पता चला कि वहां के लोग खेतों के अलावा हस्तशिल्प तथा हैन्डलूम उत्पादों को बनाकर अपना जीवनयापन करते हैं. यूँ तो जीरो में दूसरी जनजाति भी रहती है पर यहां की मुख्य जनजाति का नाम अपातीनी है, जिनके लिए कहा जाता है कि ये अपनी जगह से कभी भी कहीं और नहीं जाते है. अपाटनी (स्थानीय निवासी) लोग जाइरो क्षेत्र के स्थाई निवासी हैं. इनकी भाषा चीन-तिब्बती परिवार के अंतर्गत आती है (तानी भाषा). अपाटनी द्वारा मनाए जाने वाले कई पर्व हैं जिनमें मार्च में मनाया जाने वाला म्योको त्यौहार, जनवरी में मनाया जाने वाला मुरुंग त्यौहार और जुलाई का द्री त्यौहार प्रमुख हैं.

अगले दिन सुबह की शुरुआत मेघना गुफा मंदिर से हुई. हरी-भरी शांत टैली घाटी में, 5000 हजार साल पुरानी मेघना गुफा मंदिर हैं. यह भगवान शिव को समर्पित है. इस मंदिर तक पहुंचने के लिए कई सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती है. मंदिर से जब आप आसपास की खूबसूरत वादियों को देखेंगे तो पूरी थकान दूर हो जाएगी. अगला गंतव्य किले पाखों था. खूबसूरत पक्षियों और सूर्योदय के खूबसूरत दृश्य किले पाखो की विशेषता है.

जीरो पूट्टु एक सुन्दर स्थल है जो एक पहाड़ी है. इसे आर्मी पूट्टु के नाम से भी जाना जाता है. आजादी के बाद यहां पर अरूणाचल प्रदेश के पहले प्रशासनिक केन्द्र (कुछ लोग तो इसे भारत का प्रथम प्रशासनिक केंद्र मानते हैं) की स्थापना की गई थी. इसके बाद छठे दशक में यहां पर सेना के कैम्प का निर्माण भी किया गया. इसी कारण इसे आर्मी पुटो कहा जाता है. यहाँ से लैंड स्केप दृश्य बेहद खूबसूरत है.

इसके बाद हमलोग डोलो माँड़ो गए. डोलो मांडो प्रेम के अविस्मरणीय स्थल के रूप में जाना जाता है. हपोली से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित डोलो-मांडो डोलो और मांडो के प्रेम-संबंध के लिए प्रसिद्ध है. यहां से जाइरो और हपोली शहर के खूबसूरत दृश्य देखे जा सकते हैं. पर्यटकों के लिए पसंदीदा जगहों में से एक 'तारीण मछली फार्म' हपोली से 3.5 किमी की दूरी पर स्थित है. यह बहुत ही खूबसूरत जगह है. यहां अनेक प्रजातियों की खूबसूरत मछलियों को देख सकते हैं.

यहाँ एक प्रसिद्ध टैली घाटी वन्य जीव अभ्यारण्य है जो जाइरो से 30 किमी की दूरी पर स्थित है. यह एक पठार पर स्थित है. अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा घोषित यह वन्यजीव अभ्यारण्य कई पौधों और जीवों के साथ-साथ लुप्तप्राय प्रजातियों का घर है. क्लाउडेड तेंदुआ यहाँ की दुर्लभ प्रजातियों में से एक है. इसमें एक प्राकृतिक वनस्पति उद्यान है जिसमें कई प्रकार के सुन्दर ऑर्किड् पाये जाते हैं. टैली

घाटी में पूरे देश के 40 प्रतिशत पौधों और वन्यजीवों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं. पाँगे कैंप अभ्यारण्य का प्रवेश द्वार है. करींग, सीपू और सुबन्सिरी नदियाँ अभ्यारण्य से होकर गुजरती हैं.

जाइरो की टैली घाटी साहसिक व्यक्तियों को प्रकृति के हर पहलू को भरपूर जीने के पर्याप्त मौके देती है. यह ट्रेकिंग के लिये प्रसिद्ध है और एक आदर्श पर्यटक स्थान है. यहाँ के चीड़ के सुन्दर जंगल और बाँस, ऑर्किड, रोडोडेन्ड्रॉन और देवदार के पेड़ पर्यटकों के लिये मनमोहक दृश्य सृजित करते हैं.

जाइरो की जलवायु मौसम के अनुसार बदलती रहती है. जीरो में इतनी ज्यादा ठण्ड होती है कि स्वेटर और जैकेट के बावजूद ठंड़ लगती रहती है. लेकिन वहां रहने वालों को देख कर ऐसा नहीं लगता है. सुबह तो पेड़ पौधों पर बर्फ जमी हुई दिखाई देती है. ठंड के मौसम में जीरो में ठण्ड बहुत पड़ती है इसलिए यहां के सभी घरों में आग जलाने का इंतजाम रहता है. इसमें घर के बीच में एक चौकोर सी जगह में नीचे इस तरह से बीच में लोहे की अंगीठी जैसी रखते हैं जिसमें एक तरफ गोल सा बना रहता है जिस पर बर्तन में पानी हमेशा उबलता रहता है ताकि धुँआ ऊपर निकलता रहे. बातचीत के क्रम में जीरो के लोगों का ये कहना था की पहले जीरो को ही अरुणाचल प्रदेश की राजधानी बनाने के लिए सोचा गया था. पर बाद में ईटानगर को राजधानी बनाया गया. यहां की जनसंख्या करीब 50 हजार है. यहाँ के लोग काफी मिलनसार और शांति प्रिय हैं. हमारे टैक्सी ड्राईवर ने एक बहुत रोचक किस्सा सुनाया.

उसने कहा की यह बात 50 के दशक की है. उस समय के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु अपनी बेटी इंदिरा गाँधी के साथ नेफा (अरुणाचल प्रदेश का पूर्व नाम) के दौरे पर आये थे. जब वो जीरो गए तो वहां के अपातीनी जाति के मुखिया पाडी लैलंग ने नेहरु जी के ये पूछने पर की उन्हें क्या चाहिए, तो पाडी लैलंग जिनकी उस समय कई बीबियाँ थी, तब भी उन्होंने नेहरु जी के साथ आये एक अफसर जिसे उनकी भाषा आती थी उससे कहा की नेहरु जी को कितने मिथुन (मुद्रा) चाहिए इंदिरा जी की शादी उनसे कराने के लिए. क्यूंकि ज्यादा मिथुन और बीबियाँ होना जाईरो/जिरो में हैसियत की बात मानी जाती थी. ये सुनकर वहां उपस्थित सभी लोग हंस पड़े और पाडी लैलंग समझ नहीं पाए कि आखिर उन्होंने गलत क्या कहा.

दो बेहतरीन और यादगार दिन जीरो में गुजारने के बाद बिहार वापस आना किसी सपने के टूटने जैसा था. एक बार सभी को पूर्वोतार में जाइरो घाटी जरूर जाना चाहिए. जायरों घाटी पर कुदरत ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया है. यहाँ पहुंच कर लगता है मानो समय रूक सा गया है और एहसास होगा कि आप प्रकृति की गोद में आह्लादित हो रहे हैं. यकीन मानिए यहाँ बिताए हुए समय को आप कभी नहीं भूल पाएंगे.

❖❖❖

अशोक कुमार
मुख्य कार्यपालक,
बैंक ऑफ़ बड़ौदा,
सेशेल्स

Grace under Banking Business Pressure

In this new organization model, bank employees are experiencing a full redefinition of their tasks, becoming bank sellers, working with clients to meet the bank's targets in areas such as the sale of investment funds, bonds, and insurance policies.

When there is a target, the word pressure shoots up, thereby emerging the concept of stress in the work environment. Stress in the banking sector is a major issue that currently affects many bankers as in the same way; the growth and profitability of banks are likely to remain under pressure always. So, this is the burning situation now which needs its own immediate address. Fragile financial markets, rising risk aversion continue to stress Indian bankers. It is possible to affirm that the substantial changes that took place with the productive restructuring were in the sense of implementing strategies such as charging clients for a greater diversity of services and product, flexibility of work, redefinition of tasks and traditional banking activities with technology infused, and transferring more and more services to the clients themselves intensified the volume of work.

We believe that there is a strong need for a thorough analysis of the increasing spread of negative health outcomes that work-related stress may assume in a very changing organizational context as the banking one. Despite the existence of a plentiful Literature on work-related stress, the study of this phenomenon in the banking sector is still limited, although it falls into the field of collective health. Subjective stressors contributed to work-related stress and lack of knowledge. The risk of psychological distress depends on the extent of change experienced and the level of entanglement in the process. Even after the major concern discussions, we still feel that we do not have plan on how to come out of this to lead a stress free life and to contribute for the growth of the bank. So the solution can be made very simple without any complicated strategies being planned substituting the word pressure by Motivation, the mantra word.

The want of more will always be achieved through motivation for which our bank has come out with lot of motivating and encouraging concepts which is to be concentrated more on practical implementations."No matter how good you are at planning, the pressure never goes away. So I don't fight it. I feed off it. I turn pressure into motivation to do my best" is said by Benjamin Solomon Carson Sr. an American politician, author and former neurosurgeon serving United States Secretary of Housing and Urban Development.

Even the pressure cooked rice is not favoured, where the traditional old method of excess starch being drained off is preferred over the former one for staying healthy and active. Hence anything subjected to pressure is not encouraged to yield results. Therefore, let us change the mindset of bankers completely out of the word business pressure being substituted by the concept of motivation thereby converting business pressure to business motivation which eases out everyone and leading way to yield maximum from the fields.

Let's take everything we know. Let's take our whole selves. Let's make our growth in bank's business a history in the infinite ways that our heart takes us.

❖❖❖

V. Neethi Selvi
Senior Manager
Baroda Academy, Chennai

ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की भूमिका

पुरानी कहावत है **"यदि किसी व्यक्ति को एक मछली देते हैं तो उसकी क्षुधा एक दिन के लिए शांत हो सकती है, लेकिन अगर उसे मछली पकड़ने की कला सिखाते हैं तो उसे हमेशा के लिए तृप्त करते हैं."** इस कथन को चरितार्थ किया है, गुजरात के वलसाड जिले में स्थित कपराडा तालुका के मांडवा गांव की कमलाबेन ने जो कि दो वक्त की रोटी के लिए लोगों के घरो में साफ-सफाई का काम करती थी. अचानक उनकी जिंदगी में बदलाव आया, जब एक दिन उन्हीं के गांव में **बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस),** वलसाड द्वारा आयोजित उद्यमी जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिला और उन्होंने बीएसवीएस द्वारा मोटर-ड्राइविंग का प्रशिक्षण लिया. बीएसवीएस के सहयोग एवं मार्गदर्शन से बैंक से लोन भी मिला और आज कमला की मासिक आय करीब रू. 25000 है और आज उसके पास खुद का वाहन भी है, वो ना केवल अपना घर चला रही हैं बल्कि अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रही है.

आज कमला गर्व से कहती हैं **"मैंने 7-8 अन्य महिलाओं को भी बीएसवीएस द्वारा चलाए जाने वाले** प्रशिक्षण **कार्यक्रम जैसे मशरूम की खेती, पशुपालन, पापड़ एवं आचार बनाने आदि के बारे में बतायी और वे भी बीएसवीएस से ट्रेनिंग लेकर स्वयं का धंधा कर रहे हैं"** ऐसी ही कहानी अन्य हज़ारों महिलाओं की है जो कि बीएसवीएस से प्रशिक्षण लेने के बाद स्व-व्यवसायी बनी हैं.

महाप्रबंधक - मुख्य समन्वयन (आरआरबी एवं आरसेटी), श्री रोहित पटेल का कहना है **"बदलते मौसम एवं बाजार भाव में उतार-चढ़ाव के कारण खेती जोखिम भरा हो गया है. ऐसे में ज़्यादातर महिलाएँ सिर्फ़ कृषि पर आश्रित नहीं रहना चाहती, वे कृषि एवं सूक्ष्म उद्योग आधारित उद्यमी बन रही हैं.**

गुजरात के सबसे पिछड़े एवं दुर्गम जिला डांग में भी बीएसवीएस कार्यरत है एवं इस आदिवासी बहुल इलाक़े के लोगों को भी इसका फ़ायदा मिल रहा है. डांग जिले के बारे में **आरसेटी स्टेट डायरेक्टर श्री हरेषभाई ज्योति** का कहना है **"डांग जिले में सीमित रोज़गार के अवसर होने की वजह से कृषि आधारित धंधे जैसे पशुपालन, मुर्गी-पालन, पापड़ बनाना आदि निरंतर आमदनी के विकल्प हो सकते हैं.**

ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोज़गारी उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सभी जिलों में आरसेटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सभी जिलों के अग्रणी बैंकों को संबंधित जिले में आरसेटी स्थापित करने का दायित्व दिया गया है. केन्द्र सरकार द्वारा भवन-निर्माण एवं अन्य ज़रूरी सुविधाओं के लिए रू. 1.0 करोड़ तक की राशि तथा बीपीएल उम्मीदवार के प्रशिक्षण के लिए खर्चे दिए जाते हैं. साथ ही, राज्य सरकार द्वारा मुफ़्त में ज़मीन भी मुहैया कराई जाती है.

सरकार की इसी योजना के तहत बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 64 जिलों जहाँ वह अग्रणी बैंक की भूमिका में है, में आरसेटी स्थापित किया है जिसे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस) के नाम से जाना जाता है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा ग्रामीण उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बीएसवीएस ट्रस्ट 2003 में स्थापित किया गया था. यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 और बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1960 के अंतर्गत बैंक ऑफ़

बड़ौदा द्वारा स्थापित ट्रस्ट है. बीएसवीएस के मुख्य उदेश्य निम्नलिखित हैं :

मुख्य ध्येय और उद्देश्य:

- स्वरोजगार उद्यम शुरू करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें इस संबंध में ज्ञान और कौशल प्रदान करना.
- ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण विकास परियोजनाओं में काम करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना और उनको प्रोत्साहित करना.
- प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार उद्यम शुरू करने में यथासंभव सहायता करना, बैंक/ अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने और अपना उद्यम सफलतापूर्वक स्थापित करने में उनकी सहायता करना.
- ग्रामीण टेक्नोलॉजी, ग्रामीण विकास और उद्यमशीलता विकास से जुड़े विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वतंत्र रूप से या अन्य संबद्ध संगठनों के सहयोग से आयोजन.
- स्वरोजगार और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में युवाओं को परामर्श, सलाह व मार्गदर्शन देने के साथ-साथ हर संभव सहायता प्रदान करना.
- गाँवों के विकास एवं ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर ज़िंदगी से संबद्ध कार्य.

बीएसवीएस इकाइयों को स्थापित करने में प्रगति:

- बैंक ने देश भर में विविध स्थानों पर हमारे अग्रणी जिलों में अपना नेटवर्क बढ़ाते हुए बीएसवीएस (आर-सेटी) स्थापित करने का महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम आरंभ किया है.
- अब तक स्थापित केन्द्रों की संख्या -64- हो गई है, जो 9 राज्यों तथा 1 केन्द्र शासित प्रदेश में हैं जिनमें -16- उत्तर प्रदेश में, -2- उत्तराखंड में, -12- राजस्थान में, -20- गुजरात में, -3- मध्यप्रदेश में, -5- छत्तीसगढ़, -2- कर्नाटक, -2- बिहार में तथा -1- महाराष्ट्र राज्य में एवं 1 दादरा एव नगर हवेली में है.
- अजमेर (राजस्थान) स्थित केन्द्र पूर्णतया महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित कर रहा है और जिसका प्रबंधन महिला निदेशक द्वारा किया जाता है.

संचालित किए गए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम

अब तक बीएसवीएस केन्द्रों द्वारा 65 से अधिक गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें सें मुख्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- दुग्ध व्यवसाय विकास
- सिलाई काम
- इन्वर्टर मैन्युफैक्चरींग और रिपेरिंग
- रंगीन टीवी और डीवीडी रिपेरिंग
- रेफ्रिजरेटर रिपेरिंग
- फोटोग्राफी और विडियोग्राफी
- दुपहिया वाहन रिपेरिंग
- मशरूम उत्पादन
- प्रिंट और पेंट एप्लीकेशन
- भूतपूर्व सैनिकों के लिए ईडीपी
- आईएसबी पर पीएमआरवाय ईडीपी
- ब्यूटी पार्लर प्रबंधन
- स्वयं सहायता समूहों का लिंकेज
- सॉफ्ट टॉइज और साज-सज्जा की वस्तुएं बनाना
- फूड प्रोसेसिंग तकनीक औषधी और सुगंधी वनस्पतियां
- मोबाइल मरम्मत

उपलब्धियां :

देश भर में कार्यरत कुल -64- बीएसवीएस द्वारा दिनांक 30 जून 2019 तक कुल 4.7 लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 3.09 लाख लोग निजी व्यवसाय के माध्यम से धन उपार्जन कर रहे हैं जिनमें 1.25 लाख लोगों को बैंक द्वारा संबंधित धंधे के लिए लोन मिला. इनमें सबसे अधिक योगदान गुजरात राज्य के बीएसवीएस का है जहाँ अब तक कुल 1.64 लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के बीपीएल श्रेणी की आदिवासी महिलाएं हैं.

बीएसवीएस का ग्रमीण क्षेत्र में रोज़गार सृजन की पुष्टि हाल में ही प्रकाशित एनएसएसओ के सर्वे से ज्ञात होता है, जिसमें उल्लेखित है कि गुजरात में 59 % महिलाएँ स्वरोजगारी हैं जिसकी तुलना में शहरी क्षेत्रों में मात्र 48% महिलाएँ ही स्वरोजगारी हैं.

निष्कर्ष :

उपर्युक्त आंकड़ों एवं विश्लेषणों से स्पष्ट होता है कि बीएसवीएस ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार सृजन में काफ़ी योगदान दे रहा है एवं ख़ासकर गुजरात में जहां सर्वाधिक 20 बीएसवीएस कार्यरत हैं जो ग्रमीण महिलाओं में स्वरोजगार की भावना को उजागर करने एवं स्व-व्यवसायी बनाने में सफल रहे हैं. बैंक के उच्च नेतृत्व बीएसवीएस की गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर कदम उठाते रहते हैं जिसका असर हाल के बीएसवीएस की रेटिंग में भी देखने को मिला है. बैंक सभी बीएसवीएस में दो संकाय एवं दो कार्यालय सहायक पदस्थ कर रही है ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधरे एव ज्यादा से ज़्यादा लोग इसका फ़ायदा ले सकें. साथ ही, बीसवीएस की ग्रेडिंग में भी सुधार आए. एए रेटेड आरसेटी को नाबार्ड द्वारा भी प्रशिक्षण खर्चे में सब्सिडी मिलती है.

भारत सरकार द्वारा उठाए गये कदम जैसे स्किल इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा, पीएमजेडीवाई, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ जैसे पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पेंशन योजना एपीवाई आदि में भी इसका अहम योगदान रहा है.

उपर्युक्त में दिए गए नेशनल सैंपल सर्वे के आँकड़े दर्शाते हैं कि शहरी क्षेत्रों के मुक़ाबले ग्रमीण क्षेत्रों में 11% अधिक महिलाएं स्व-व्यवसायी हैं, जो कि एक अच्छा सूचक है. आम तौर पर लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में रोज़गार के लिए ही पलायन करते हैं, हालांकि ग्रामीण इलाक़े में बेहतर रोज़गार के अवसर रहने से शहरों से भी जनसंख्या का दबाव कम होगा. इसके अलावा शहरों में रह रहे कामगारों को भी दैनिक मज़दूरी की रकम में इज़ाफा होगा. इस तरह हम कह सकते हैं कि बीएसवीएस न केवल ग्रमीण क्षेत्रो में रोज़गार के अवसर सृजित कर महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार ला रहा है बल्कि शहरों के तरफ़ पलायन को भी कम कर रहा है और इस तरह देश के विकास मे बड़ा योगदान दे रहा है.

❖❖❖

सचिन
वरिष्ठ प्रबंधक
बड़ौदा अकादमी, बड़ौदा

जोधपुर क्षेत्रीय कार्यालय के नए परिसर का उद्घाटन

दिनांक 17 दिसंबर 2019 को कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के नवीन परिसर का उद्घाटन किया गया. उक्त कार्यक्रम में जयपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री महेंद्र एस. महनोत, जोधपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुरेश बुंटोलिया एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री मनीषनाथ मेहरोत्रा तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

बड़ौदा शहर क्षेत्र में शाखाओं का को-लोकेशन

दिनांक 30 दिसम्बर 2019 को बड़ौदा शहर क्षेत्र के अंतर्गत को-लोकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत अपने पहले चरण में पूर्ववर्ती देना बैंक की सयाजीगंज एवं पूर्ववर्ती विजया बैंक की स्टेशन रोड शाखा को सयाजीगंज शाखा में और पूर्ववर्ती देना बैंक की रावपुरा शाखा का बैंक ऑफ़ बड़ौदा की रावपुरा शाखा और पूर्ववर्ती देना बैंक की आर. वी. देसाई रोड शाखा का बैंक ऑफ़ बड़ौदा आर. वी. देसाई शाखा में को-लोकेशन किया गया. शाखाओं के को-लोकेशन कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक के निदेशक डॉ. भारतभाई डांगर ने किया. इस अवसर पर महाप्रबंधक-मुख्य समन्वयन श्री बी आर पटेल, महाप्रबंधक श्री के आर कनौजिया, उप अंचल प्रमुख श्री प्रेम सिंह नेगी तथा क्षेत्रीय प्रमुख सुश्री दक्षा शाह एवं सम्मानित ग्राहकगण उपस्थित रहे.

जयपुर क्षेत्र की वैशाली नगर और डीसीएम शाखा के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन

दिनांक 06 नवम्बर 2019 को जयपुर क्षेत्र की वैशाली नगर शाखा के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन अंचल प्रमुख श्री महेंद्र एस. महनोत के कर-कमलों द्वारा किया गया. इस अवसर पर जयपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रदीप कुमार बाफना और उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री विनोद मोंगा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

Inauguration of Bank Heritage Museum by Zonal Office, Bengaluru

On 23rd October 2019 E-Vijaya Bank Heritage Museum was inaugurated by Shri Jose J Kattoor, Regional Director, Reserve Bank of India Bengaluru. Dr. Sharat Shetty, Grandson of the Founder Chairman of Vijaya Bank, Late Shri Attavar Balakrishna Shetty, Smt. Vranda Shetty Punja, Daughter of Modern architect of Vijaya Bank, Late Mulki Sunder Ram Shetty and our Executive Directors Shri Murali Ramaswami and Shri Vikramaditya Singh Khichi and other dignitaries were also present on this occasion.

क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ के नए भवन का उद्घाटन

क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ के नए भवन का उदघाटन दिनांक 19 अक्टूबर, 2019 को मेरठ अंचल के अंचल प्रमुख श्री सतीश कुमार अरोरा के कर-कमलों से किया गया. इस अवसर पर मेरठ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री राकेश मानिक सहित अन्य कार्यपालक, वरिष्ठ अधिकारी और क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

गया क्षेत्र की बुद्धगेरे शाखा के नए परिसर का शुभारंभ

गया क्षेत्र की बुद्धगेरे शाखा के नए परिसर का शुभारंभ दिनांक 03 नवम्बर 2019 को श्री नित्यानंद बेहेरा, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल के कर-कमलों से किया गया. इस अवसर पर गया क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री मनीष कुमार सहित अन्य स्टाफ-सदस्य एवं ग्राहकगण उपस्थित थे.

पणजी क्षेत्र में नवीनीकृत मोयरा शाखा व एटीएम का उद्घाटन

दिनांक 09 दिसम्बर, 2019 को पणजी क्षेत्र की नवीनीकृत मोयरा शाखा तथा शाखा स्थित एटीएम का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर पुणे अंचल के अंचल प्रमुख श्री कमलेश कुमार चौधरी के साथ क्षेत्रीय प्रमुख श्री अमूल्य कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री दीपक कुमार सिंह, शाखा प्रमुख श्री विशाल कांबले और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

जलंधर क्षेत्र की पट्टी शाखा में गोल्ड लोन शॉपी का उद्घाटन

दिनांक 20 दिसम्बर 2019 को जालंधर क्षेत्र की पट्टी शाखा में गोल्ड लोन शॉपी का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक – मुख्य समन्वयन, श्री रमेश कुमार मिगलानी, उप अंचल प्रमुख, श्री ओ.पी. खटकड़, क्षेत्रीय प्रमुख श्री इंदर मोहन सिंह, शाखा प्रमुख श्री ऋतुराज प्रकाश व अन्य स्टाफ सदस्य व ग्राहक उपस्थित थे.

एचएयू हिसार शाखा, करनाल क्षेत्र का उद्घाटन

दिनांक 16 दिसम्बर 2019 को करनाल क्षेत्र की एचएयू हिसार शाखा का उद्घाटन डॉ. कृष्ण पाल सिंह (कुलपति एच.ए.यू. हिसार) के कर–कमलों से किया गया. इस अवसर पर चंडीगढ़ अंचल के अंचल प्रमुख श्री एम एल रोहिल्ला और क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सत्य प्रकाश तथा शाखा के अन्य स्टाफ सदस्य एवं ग्राहक भी उपस्थित थे.

कोलकाता मेट्रो क्षेत्र की गरिया शाखा के नए परिसर का उद्घाटन

दिनांक 27 नवम्बर, 2019 को कोलकाता अंचल प्रमुख श्री पी. विनोद कुमार रेड्डी द्वारा कोलकाता मेट्रो क्षेत्र की गरिया शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री गोबिन्दा बिश्वास, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री शंकर कुमार झा, शाखा प्रमुख अरुणिमा बिश्वास, शाखा के स्टाफ सदस्यों सहित अन्य ग्राहकगण उपस्थित थे.

हल्द्वानी मुख्य शाखा के नवीकृत भवन का उद्घाटन

दिनांक 27 दिसम्बर 2019 को हल्द्वानी क्षेत्र की हल्द्वानी मुख्य शाखा के नवीकृत परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर मेरठ अंचल के अंचल प्रमुख श्री सतीश कुमार अरोड़ा, हल्द्वानी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सर्वेश भसीन, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री विपिन आर्य और शाखा प्रमुख श्री राजीव सूंठा उपस्थित थे.

नासिक क्षेत्र की एकलहरे शाखा में गोल्ड शॉपी का उदघाटन

दिनांक 05 दिसम्बर 2019 को नासिक क्षेत्र की एकलहरे शाखा में गोल्ड शॉपी का उद्घाटन नेशनल थर्मल पावर स्टेशन के प्रमुख श्री मोहन आव्हाड द्वारा किया गया. इस अवसर पर नासिक क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री राकेश कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अनिल बड़जात्या, श्री सुरेख खैरनार और शाखा के स्टाफ एवं ग्राहक उपस्थित थे.

Some of the major Mistakes in Personal Financial Management

What are some of the mistakes of Indians that are destroying their financial lives?

This article lists these mistakes which are broadly classified into Investment, Savings and Spending.

Investment

Procrastinating investment decisions:

"I will invest from tomorrow". But the problem is that tomorrow never comes.

Lack of disciplined investment:

Instead of spending what is left after investing, people invest what is left after spending. This results in indiscipline in investment.

***No diversification*:**

Some people would invest all their money in real estate, some would invest all the money in gold, some would just keep it in the locker, some would invest all the money in the stock market. Very few people understand the right way of diversifying the investments.

***Buying insurance policies for investment purpose*:**

Have you invested your money in insurance plan to get a return in future? Big mistake! Out of 100 people I have spoken, 95 have made this mistake. Very few people understand the difference between term plan, endowment plan, etc.

Buying stocks based on tips without any knowledge:

You will find every Tom, Dick and Harry giving stock tips over Facebook, WhatsApp and TV. Unfortunately, a lot of people fall in a trap of these people and invest money without any knowledge. What is the end result? They lose everything!

Lack of patience:

"I can't wait for my wealth to grow. I want to double my investments in 6 months. I need to invest in the stock market." A lot of people lose their lifetime of savings because they don't have the patience to understand the investment option and would blindly trust anyone with their investment.

Spending

No track of cash flow:

Very few people keep a track of their expenses. Most of them just don't know where the money is gone.

Not able to crack the credit card mystery:

Are you paying the minimum amount due on your credit card payment? If yes, you are trapped in credit card mystery. On the other side, very few people really enjoy the benefits like free lounge access, buy one get one movie ticket, etc.

***Becoming a victim of lifestyle inflation*:**

Moving from 2bhk to 3bhk just because you have got a good hike, upgrading your car because you have got some bonus are some of the examples of lifestyle inflation destroying financial lives.

***Buying things just because they are on discount*:**

From Amazon's "Great Indian Sale" to Flipkart's "The Big Billion Days", everyone is encashing on the weakness of Indians buying things just because it is on discount. Funny thing is now you will find such sales every other month.

Getting tempted to go for an exotic vacation

Just because someone put a post on Facebook and Instagram: Instagram and Facebook are introduced as Social Media Platform but they are actually destroying the entire social fabric. Friends are jealous of each other.

Spending a bomb on weekend parties:

5 days work and 2 days party: This is the new culture in India. Pubs are jam-packed on weekends where people would spend a bomb on drinks. By the end of the month, they are left with no money.

Spending all the hard earned money on children marriage:

Thanks to our hypocritic society! People save their entire life just to spend all the money on random relatives who only bother about the food and arrangements.

Buying excessive gold only to keep it in the locker:

Gold worth lakhs is kept in lockers only to be used once or twice a year. This is resulting in the money getting blocked and hence not getting any returns on it.

Lack of clarity between asset and liability:

Having a car is not an asset because it consumes fuel and has maintenance cost. Its price will only depreciate in the future. Car is a necessity but people spend a lot of money and even take the loan to buy a luxury car over and above their budget.

Savings

No idea about the power of compounding:

Everyone has come across the formula of compounding but very few people really understand its power. This is the reason people do not start saving early and hence lose out on the power of compounding. Albert Einstein said that power of compounding is the eighth wonder of the world.

No emergency budget:

Not having any extra money in the case of an emergency results in embarrassing situations of borrowing money from friends and relative. Some people even break their investments and make a big mistake.

***No medical insurance*:**

I have seen people losing out the lifetime savings just because they did not take medical insurance. One accident can shatter all financial dreams. Better be insured. Healthcare cost is rising and it is impossible to manage it without insurance.

No financial plan:

People do not know why they need to save money because they don't know their financial goals.

Root Cause:

"Lack of knowledge about personal financial management!!"

❖❖❖

Jai Nagpal
Officer,
Gandhi Road Branch,
Ahamedabad

अहमदाबाद में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन

दिनांक 24.12.2019 को कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, अहमदाबाद की बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री एस के पाणिग्राही, महाप्रबंधक–मुख्य समन्वयन श्री के वी तुलसीबागवाले और एसएलबीसी के सदस्य कार्यालय के प्रमुख उपस्थित थे.

अंचल कार्यालय, बेंगलुरु द्वारा कन्नड राज्योत्सव का आयोजन

अंचल कार्यालय, बेंगलुरु में दिनांक 26 नवंबर 2019 को श्री वीरेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक–मुख्य समन्वयन की अध्यक्षता में कन्नड़ राज्योत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक के लोकायुक्त श्री पी विश्वनाथ शेट्टी, मशहूर हास्य लेखक श्री एम एस नरसिंह मूर्ति तथा प्रख्यात नाटककार श्री श्याम सुंदर उपस्थित थे. कार्यक्रम में कन्नड़ भाषा की संस्कृति, साहित्य तथा कला का परिचय प्रस्तुत किया गया.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 143वीं बैठक का आयोजन

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 143वीं बैठक दिनांक 02 दिसंबर 2019 को जयपुर में कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक का संयोजन जयपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री महेंद्र एस. महनोत ने किया. इस बैठक में राजस्थान सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा नाबार्ड सहित सभी बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

राजकोट अंचल द्वारा मैराथन में सहभागिता

दिनांक 29 दिसंबर 2019 को राजकोट शहर में आयोजित मैराथन में राजकोट अंचल द्वारा प्रतिभागिता की गई. इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री संजीव डोभाल, उप महाप्रबंधक श्री प्रदीप सचदेवा, क्षेत्रीय प्रमुख, राजकोट क्षेत्र श्री संजय गुप्ता एवं अन्य कार्यपालक तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे.

जमशेदपुर में एनआरआई व्यापार विकास बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 17 दिसंबर 2019 को जमशेदपुर क्षेत्र द्वारा एनआरआई व्यापार विकास बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख श्री नरेन्द्र सिंह, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री जगदीश तुंगारिया, कॉर्पोरेट कार्यालय के एनआरआई विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री बी बी प्रधान, एनआरआई ग्राहकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दिल्ली महानगर क्षेत्र –1 द्वारा बड़ौदा जन – धन प्लस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ

दिनांक 25 नवंबर, 2019 को दिल्ली महानगर क्षेत्र –1 की बुराड़ी शाखा में बैंक ऑफ़ बड़ौदा तथा विमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग के संयुक्त प्रयास से बड़ौदा जन – धन प्लस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री बलजीत सिंह तथा शिक्षण प्रमुख श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा किया गया. इस अवसर पर शाखा प्रमुख (बुराड़ी शाखा) श्री राजेन्द्र सिंह तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

एर्णाकुलम अंचल स्टेट फोरम ऑफ़ बैंकर्स क्लब द्वारा पुरस्कृत

दिनांक 15.12.19 को स्टेट फोरम ऑफ़ बैंकर्स क्लब (केरल) द्वारा बैंक को राष्ट्रीय स्तर के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक वर्ग में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर केरल राज्य के राज्यपाल श्री आरीफ मुहम्मद खान से श्री के वेकटेसन, महाप्रबंधक, एर्णाकुलम अंचल, श्री सीएच राजशेखर, उप महाप्रबंधक, एर्णाकुलम क्षेत्र ने पुरस्कार प्राप्त किया.

आगरा क्षेत्र में व्यवसाय विकास समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 04.11.2019 को आगरा क्षेत्र में व्यवसाय विकास समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता बरेली अंचल के अंचल प्रमुख श्री एस. के. अरोरा ने की. इस बैठक में आगरा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री रवि गोयल, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री हर्ष बी यादव सहित आगरा क्षेत्र की सभी शाखाओं के शाखा प्रमुख एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

अहमदाबाद क्षेत्र 1 द्वारा टाउन हॉल बैठक का आयोजन

दिनांक 15 नवम्बर 2019 को अहमदाबाद क्षेत्र 1 द्वारा व्यवसाय विकास हेतु टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजेश कुमार ने की. इस अवसर पर बैठक में विरामगाम कलस्टर की शाखाओं को शामिल किया गया. बैठक के दौरान व्यवसाय विकास की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न लक्ष्यों पर चर्चा की गई.

भीलवाड़ा क्षेत्र द्वारा मेगा कृषि ऋण वितरण समारोह का आयोजन

दिनांक 16 दिसंबर 2019 को शाहपुरा, भीलवाड़ा में महाप्रबंधक-मुख्य समन्वयन श्री रोहित पटेल की अध्यक्षता में क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भीलवाड़ा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजेश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारियों सहित किसान एवं स्वयं सहायता समूह की महिला उद्यमी उपस्थित थीं.

राजकोट क्षेत्र द्वारा इंजीनियर एक्सपो 2019 में सहभागिता

दिनांक 24 दिसम्बर 2019 को राजकोट क्षेत्र द्वारा राजकोट में आयोजित किए गए इंजीनियर एक्सपो 2019 में एक स्टॉल लगाया गया. इस स्टाल के माध्यम से ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गई. इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री संजय गुप्ता, वरिष्ठ कार्यपालकगण तथा स्टाफ-सदस्य उपस्थित थे.

नई दिल्ली अंचल द्वारा ऋण निगरानी, जोखिम प्रबंधन तथा वसूली पर संगोष्ठी का आयोजन

अंचल कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 13 नवंबर, 2019 को ऋण निगरानी, जोखिम प्रबंधन तथा वसूली विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मुख्य समन्वयन) श्री आर के मिगलानी, अंचल प्रमुख श्री दविंदर पाल ग्रोवर, कॉर्पोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक (ऋण निगरानी) श्री प्रभात शर्मा तथा उप महाप्रबंधक (जोखिम प्रबंधन) श्री आर एस नेगी, क्षेत्रीय प्रमुख श्री घनश्याम सिंह (दिमक्षे-1), श्री मधुर कुमार (दिमक्षे- 2) तथा श्री अश्वनी शर्मा (दिमक्षे-3) एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

कार्य के प्रति निष्ठा और समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र

– डॉ. जवाहर कर्नावट, महाप्रबंधक (सेवानिवृत्त)

डॉ. जवाहर कर्नावट 31 अगस्त, 2019 को बैंक की सेवा से सेवानिवृत्त हुए. अपनी सुदीर्घ बैंकिंग सेवा के दौरान आपने बैंक में विभिन्न स्थानों पर महत्वपूर्ण कार्यदायित्वों का निर्वाह किया. अपनी सेवानिवृत्ति के समय आप बैंक के राजभाषा विभाग तथा देयताएँ एवं जमा संग्रहण विभाग का नेतृत्व कर रहे थे. साथ ही आप गृह पत्रिका बॉबमैत्री के कार्यकारी संपादक भी थे. टीम बॉबमैत्री ने डॉ. कर्नावट से उनके जीवन और अनुभवों के बारे में बातचीत की. प्रस्तुत हैं, उनसे बातचीत के कुछ अंश – संपादक

कृपया अपनी पारिवारिक एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में हमें कुछ बताएं.

मेरी प्राथमिक से महाविद्यालय स्तर तक की शिक्षा उज्जैन में हुई. पिताश्री के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के कारण घर का वातावरण राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत था और सख्त अनुशासनमय भी रहा. स्कूल और कॉलेज की सभी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी रही, किन्तु घरेलू परिस्थितियाँ कुछ ऐसी रहीं कि बी. कॉम के अंतिम वर्ष से ही इंदौर से नौकरी की शुरुआत हो गई. नौकरी में रहते हुए ही एम. कॉम, एम. ए. (हिन्दी) तथा पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूर्ण किया.

आपने बैंक जैसे व्यवसायिक संस्थान में राजभाषा को ही कॅरियर के रूप में क्यों चुना?

वाणिज्य, हिंदी साहित्य और पत्रकारिता के स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त होने के बाद रोजगार के कई क्षेत्रों में प्रवेश के द्वार खुल गए. इन क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न पदों पर आवेदन करते हुए मेरा चयन बैंक ऑफ़ बड़ौदा में राजभाषा अधिकारी के पद पर हुआ. हिंदी भाषा और लेखन में रुचि होने के कारण मैंने इसे ही अपने कॅरियर के रूप में चुना.

आपको बैंक के विभिन्न कार्यालयों में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है. इनमें से कौन से कार्यालय में कार्य करने का अनुभव सबसे अच्छा रहा?

वैसे तो मैंने बड़ौदा,भोपाल, जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई के प्रशासकीय कार्यालयों में कार्य किया किंतु मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के भोपाल अंचल कार्यालय और कारपोरेट कार्यालय, मुंबई में कार्य करना यादगार रहा. मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ अंचल को बैंक द्वारा हिन्दी अंचल घोषित करने के कारण अंचल में राजभाषा कार्यान्वयन विशेष उत्साह के साथ हुआ. अंचल के विशाल क्षेत्रफल के कारण जिला राजभाषा समितियों के गठन से आशातीत सफलता प्राप्त हुई और अंचल को अनेक पुरस्कार भी प्राप्त हुए.

राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव है. बैंकिंग कार्यों में राजभाषा कार्यान्वयन को और प्रभावी बनाने के लिए आपने क्या विशेष कार्य किए और भविष्य के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?

मैंने अपने कार्यकाल में कई नए कार्यों की शुरुआत की. विदेशी कार्यालयों में विश्व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन, सर सयाजीराव भाषा सम्मान एवं सर सयाजीराव लोक भाषा सम्मान की शुरुआत, संकाय सदस्यों के लिए सेमिनार का आयोजन, विभागीय राजभाषा समितियों का गठन आदि अनेक कार्यों से राजभाषा कार्यान्वयन में बैंक की विशिष्ट छवि निर्मित हुई, परिणामस्वरूप हमें भारत सरकार, गृह मंत्रालय से लगातार सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त होते रहे.

अब बैंकिंग कार्यों में राजभाषा के प्रयोग के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है, आज सबसे बड़ी चुनौती प्रौद्योगिकी में हिंदी व भारतीय भाषाओं के प्रयोग की है. हम इसमें अभी आंशिक रूप से सफल हो पाए हैं. ग्राहकों को पासबुक देने से लेकर नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग की सेवाओं को इंटरएक्टिव बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, अभी तो हम केवल इंटरफ़ेस उपलब्ध करा पाए हैं.

आप राजभाषा के विशेषज्ञ अधिकारी होते हुए महाप्रबंधक के पद तक पहुंचे और बैंक की देयताएं, जमा संग्रहण जैसे महत्त्वपूर्ण पोर्टफोलियो का प्रभार भी आपके पास रहा. बैंकिंग परिचालन के औपचारिक अनुभव न होने के बावजूद भी इस अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्यदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कैसे किया?

मैं बैंक प्रबंधन का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे महाप्रबंधक के पद तक पहुंचने का अवसर दिया. चूकि मेरा बैकग्राउंड वाणिज्य के विद्यार्थी का रहा और मैंने विभिन्न अंचल कार्यालयों में राजभाषा के अतिरिक्त बैंकिंग परिचालन के विभिन्न कार्य किए थे, इसलिए मेरे लिए यह कार्य चुनौतीपूर्ण अवश्य था किंतु असंभव नहीं. मेरी आदत में हमेशा तत्परता के साथ नवीन चीज़ों को सीखने की रही, इसलिए इस पद को संभालने के लिए अपनी टीम के साथ बैंकिंग परिचालन की अनेक अवधारणाओं को समझने व कार्यान्वित करने का मौका भी मिला. अपने सहयोगी महाप्रबंधकों के साथ ही कार्यपालक निदेशक श्री शांतिलाल जी जैन का मार्गदर्शन भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा. इसी समय देना बैंक और विजया बैंक के समामेलन के चुनौतीपूर्ण कार्य को भी गंभीरता के साथ पूर्ण किया.

आपने हिन्दी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों की यात्राएं की हैं. भारत के बाहर हिन्दी की स्थिति कैसी है?

मुझे अनेक बार एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, आस्ट्रेलिया महाद्वीप के 25 से अधिक देशों की यात्रा करने का अवसर मिला है और इसका मुख्य कारण हिंदी ही रही चाहे वह लंदन, न्यूयॉर्क या दक्षिण अफ्रीका का विश्व हिंदी सम्मेलन हो या अन्य कोई कार्यक्रम. भारत के बाहर हिंदी का फैलाव लगातार बढ़ रहा है, इसका मुख्य कारण यह भी है कि प्रवासी भारतीय अब अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़े रहना चाहते हैं. फीजी में तो हिंदी को सांविधिक रूप से द्वितीय भाषा का दर्जा प्राप्त है और आठवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ना अनिवार्य भी है. संपूर्ण विश्व में लगभग 200 से अधिक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में हिंदी शिक्षण की सुविधा है. दुनिया भर से अब हिंदी की मुद्रित और ऑनलाइन पत्रिकाएं निकल रही हैं और हिंदी मीडिया का भी फैलाव हुआ है. इस प्रकार हिन्दी का प्रचार-प्रसार प्रयोग सम्पूर्ण विश्व में है.

राजभाषा कार्यान्वयन के साथ-साथ आपने विभिन्न संसदीय समितियों के दौरों के समन्वयक की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इस प्रकार अत्यंत व्यस्त बैंकिंग पेशे में आपने अपने कार्यालय एवं व्यक्तिगत/पारिवारिक जीवन के बीच कैसे संतुलन बनाया?

यदि हम समय की पाबंदी और अनुशासन में रहते हैं, तो सभी कार्यों का समन्वय व संतुलन व्यवस्थित रूप से बनाए रख सकते हैं. इस कारण मैं बैंकिंग के विभिन्न कार्यों के साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन और बैंक से बाहरी गतिविधियों में भी अपना विशेष स्थान बना पाया. मुझे परिवार का भी पूर्ण सहयोग और प्रोत्साहन मिला, जिसके कारण यह संतुलन बना रहा.

आप बैंक की गृह पत्रिका 'बॉबमैत्री' और हिन्दी पत्रिका 'अक्षय्यम्' के कार्यकारी संपादक भी रहे हैं. अत: इन पत्रिकाओं को और अधिक रोचक बनाने हेतु आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?

मैंने अपने कार्यकाल में इन दोनों पत्रिकाओं के संपादक के रूप में अनेक परिवर्तन और सुधार किए. इन पत्रिकाओं की विषयवस्तु और प्रस्तुति को अपनी टीम के साथ भी आकर्षक बनाने का प्रयास किया, परिणाम स्वरूप हमें भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संस्थाओं से पुरस्कार भी मिले. इन पत्रिकाओं में हमारे पाठकों की विविध रूचियों के अनुरूप सामग्री का समावेश होना चाहिए खासकर युवा साथियों की रचनात्मकता को इन पत्रिकाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए.

आप बैंक के भविष्य के बारे में क्या सोचते हैं एवं बड़ौदियनों के लिए आप क्या संदेश देना चाहते हैं, विशेष तौर पर हमारे युवा साथियों को?

हमारा बैंक अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक हो गया है. ग्राहकों में इस बैंक की जबरदस्त पैठ एवं ब्रांडिंग के कारण बैंक का भविष्य उज्ज्वल ही रहेगा. हमारे बदौडियन साथियों को संकट के समय भी हमने पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते हुए देखा है. यह समर्पण ही हमारे युवा साथियों को प्रेरणा भी देगा, हमारे युवा साथियों को चाहिए कि वह ग्राहक सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए लगातार कार्य करें.

आप सेवानिवृत्ति के बाद अपना समय किस प्रकार व्यतीत कर रहे हैं?

मेरी रुचि प्रारंभ से ही लेखन और पठन-पाठन में रही है, साथ ही एक आयोजक और प्रशासक के रूप में कार्य अनुभव होने के कारण मुझे कुछ प्रतिष्ठित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़ने के प्रस्ताव मिलते रहे. अस्तु मैं सेवानिवृत्ति के बाद भोपाल के हिंदी भवन स्थित मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मानद निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल रहा हूं. यह देश की लगभग 60 वर्ष पुरानी संस्था है. इसके अलावा देश-विदेश के सभा सम्मेलनों में व्याख्यान और अपने लेखन कार्य में भी व्यस्त हूं.

❖❖❖

पदोन्नतियां

महाप्रबंधक

हम अक्तूबर - दिसम्बर, 2019 के दौरान पदोन्नत हुए महाप्रबंधकों/उप महाप्रबंधकों को बॉबमैत्री की ओर से हार्दिक बधाई देते हैं और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.

- संपादक

हार्दिक अभिनंदन!

श्री सी मालोलन
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा

श्री सुरेन्द्र शर्मा
अंचल कार्यालय, भोपाल

श्री जेठानन्द चोपड़ा
अंचल कार्यालय, नई दिल्ली (सीवीसी में प्रतिनियुक्त)

श्री महेंद्र सिंह महनोत
अंचल कार्यालय, जयपुर

श्री के वेंकटेशन
अंचल कार्यालय, एर्णाकुलम

श्री एम वी मुरली कृष्णा
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा

श्री संजय वी मुदालियर
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री सुधाकर डी नायक
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री श्रीजीत कोट्टराथिल
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री धीरेंद्र सेट्टीपल्ली
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

पदोन्नतियां

उप महाप्रबंधक

हार्दिक अभिनंदन!

श्री आनंद डंगायच
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री वीरवेंकट सत्यनारायण गिडुगु
अंचल कार्यालय, हैदराबाद

श्री तेजिंदरपाल सिंह
क्षेत्रीय कार्यालय,
बेंगलुरु दक्षिण

श्री गंगा सिंह
क्षेत्रीय कार्यालय,
अहमदाबाद –II

श्री कुलदीप सिंह
सरकारी संपर्क विभाग, नई दिल्ली

श्री योगेंद्र सिंह
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री संतोष कुमार बंसल
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री बलदेव राज धीमान
क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर

श्री प्रशांत कुमार राउत
अंचल कार्यालय, मुंबई

श्री प्रतीक अग्निहोत्री
क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी

श्री सुनील कुमार सचान
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री राम कृष्ण बालसा
जेडआईएडी, हैदराबाद

श्री आलोक कुमार सिन्हा
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री टी एस विश्वजीत
एआरएम, मुंबई

श्री सभेक सिंह
कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई

श्री वीरेंद्र के सरदाना
चालू खाता, पे–रोल एवं कॉर्पोरेट संपर्क
विभाग, नई दिल्ली

Highlights of Bank's Financial Results for Q3 FY 2020

The Bank announced its financial results for the Quarter ended on December 31, 2019, following the approval of its Board of Directors. The results were announced by our MD&CEO Shri Sanjeev Chadha and Executive Directors Shri Murali Ramaswami, Shri S L Jain and Shri Vikramaditya Singh Khichi on 24th January, 2020. During the press meet, our top management made presentation highlighting performance of the Bank on various parameters. Highlights of the results are presented below :- Editor

BUSINESS

- Domestic CASA deposits registered a growth of 8.81% Y-o-Y. Share of CASA deposits to total domestic deposits improved to 38.8% as on December 31, 2019 from 36.2% during the same quarter of previous financial year.
- Domestic Deposits stood at INR 7,82,070 crore as on December 31, 2019 up by 1.3% from INR 7,72,133 crore as on December 31, 2018.
- Domestic advances stood at INR 5,44,726 crore as on December 31, 2019 which was INR 5,41,103 crore as on December 31, 2018.
- The retail loan portfolio of the Bank grew by 15.3%, driven by a robust growth in auto loans at 42.9% and home loans at 10.2%.
- Contribution of Bank's International Business at the end of December 31, 2019 was 14.4% compared with 13.8% as of December 31, 2018.
- Modified duration of AFS investments as on December 31, 2019 was 1.26. Modified duration of HTM securities was 4.98 and of total investment was 3.84.
- The Bank's Total Business stood at INR 15,50,627 crore as on December 31, 2019 up by 1.8% from INR 15,23,740 crore as on December 31, 2018.

OPERATING PERFORMANCE

- The Operating Profit increased to INR 4,958 crore as against INR 4,569 crore during the same quarter of the previous financial year, thus increasing by 8.5%.
- Net Interest Income (NII) increased to INR 7,128 crore, an increase of 9.0% on a Y-o-Y basis, led by lower interest expense.
- Net Interest Margin (NIM) increased to 2.80% in December 2019 from 2.62% in December 2018.

ASSET QUALITY

- Fresh slippage for the quarter was at INR 10,387 crore.
- Provision for NPAs was at INR 6,621 crore for the quarter.
- Gross NPA (GNPA) was INR 73,140 crore as on December 31, 2019 compared to INR 69,969 crore as on September 30, 2019. GNPA ratio is at 10.43% compared with 10.91% as on December 31, 2018.
- Net NPA ratio is at 4.05% as on December 31, 2019 from 4.79% as on December 31, 2018.
- Exposure in accounts under NCLT 1 list was INR 5780 crore and NCLT 2 list was INR 6436 crore as on December 31, 2019.
- Provision coverage under NCLT 1 and NCLT 2 list was 99.42 % and 87.60% respectively.

CAPITAL ADEQUACY

- Capital Adequacy Ratio of the Bank stood at 13.48% and CET-1 at 9.85 % as on December 31, 2019.

Bank enters into MoU with Investor Education & Protection Fund Authority

On 5th December, 2019, Bank signed on MoU with Investor Education & Protection Fund Authority (IEPFA) to initiate awareness and information among investors who often fall prey to tempting offers for investments and Ponzi schemes due to lack of communication. In presence of Shri Injeti Srinivas, Secretary, Ministry of Corporate Affairs and Shri S L Jain, Executive Director, Shri Manoj Pandey, Joint Secretary, Ministry of Corporate Affairs & CEO IEPFA and Shri O K Kaul, General Manager - CC (Marketing, PR and WMS) exchanged the MoU.

बैंक द्वारा एमएसएमई ऋण के संबंध में गुजरात सरकार के साथ एमओयू

एमएसएमई उद्यमियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने 20 दिसम्बर, 2019 को गुजरात सरकार के साथ एमओयू किया. इसके तहत ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट, स्टार्ट अप्स, महिला उद्यमियों और गुजरात के पिछड़े क्षेत्र के उद्यमियों को ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी. गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय रूपानी की उपस्थिति में कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची तथा प्रमुख सचिव श्री मनोज कुमार दास ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

Bank launches 'On-The-Fly Debit Card EMI'

On 4th December 2019, our Bank launched 'On-the-Fly Debit Card EMI' facility for its existing debit card holders in partnership with Pine Labs. With the On The Fly Debit Card EMI product (OTF-DC EMI) customers at reputed merchant outlets will be given the option of converting their purchase to EMI using the Debit Card account of customer. Our Executive Directors Shri Murali Ramaswamy and Shri Vikramaditya Singh Khichi and other top executive were present on the occasion

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

विजया VIJAYA | देना DENA

घर लेने की सोच रहे हैं?

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के आसान होम लोन से
अपने घर के सपने को साकार करें.

Baroda Home Loan

नियम व शर्तें लागू.

मिस्ड कॉल करें: होम लोन के लिए: 846 700 1111

www.bankofbaroda.in

हमें यहां फ़ॉलो करें: